तिथि-बैशाख, कृष्ण, प्रतिपदा

सोना - 96,565

शेयर मार्केट- 75,157

चांदी- 1,00,000

निफ्टी- 22,828

अधिकतम -31 °c
न्यूनतम -21 °c


लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-139 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, रविवार 13 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये


# 'संकटमोचन' की कृपा सभी पर बनी रहे : योगी




**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने हनुमान जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। सीएम योगी अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर ट्वीट कर लिखा श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये श्री हनुमान जयंती की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वासियों को मंगलमय शुभकामनाएं।

प्रभु श्री राम के परम भक्त, संकटमोचन श्री हनुमान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। बल, बुद्धि, विद्या के दाता भगवान महाबीर की कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता का वास हो, यही प्रार्थना है। आप को बता दें कि पूरे देश

**● हनुमान जयंती पर मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़**

में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है वही संगम नगरी प्रयागराज के लेटे हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई है, लोग यहां आकर अपने और अपने परिवार के सुख शांति की कामना कर रहे हैं।

पूरे देश में यही इकलौता मंदिर है जहां पर हनुमान जी लेटी हुई अवस्था में विराजमान है। हनुमान जयंती के दिन संगम के लेटे हनुमान मंदिर को फूलों से सजाया गया है,हनुमान जी की मूर्ति का विधिवत तरीके से श्रृंगार और पूजन किया गया, भक्त यहां आकर हनुमान जी के दर्शन कर रहे हैं हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे हैं।

**पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की जयंती पर सीएम योगी ने चढ़ाए फूल,बोले-वह भारत माता के सपूत थे :** पूर्व राज्यपाल लालजी टंडन की जयंती के मौके पर हजरतगंज में उनकी प्रतिमा पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने फूल चढ़ाए।

उन्होंने कहा कि लालजी टंडन भारत माता के सपूत थे। उन्होंने लखनऊ से देश की राजधानी दिल्ली तक मजबूत पहचान बनाई। माल्यार्पण के दौरान डिप्टी ब्ड ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य सहित प्रदेश सरकार के कई मंत्री और लखनऊ मेयर मौजूद रहीं। (शेष पृष्ठ 7 पर)

# राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं, तीन महीने में बिल पर फैसला अनिवार्य

## राज्यपाल के बाद राष्ट्रपति पर भी उच्चतम न्यायालय सख्त

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अपनी तरह के पहले फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने देश के राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की तरफसे भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

दरअसल, 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार और राज्यपाल के मामले में ऐतिहासिक फैसला लिया था। अदालत ने कहा था कि राज्यपाल को विधानसभा की ओर से भेजे गए बिल पर एक महीने के भीतर फैसला लेना होगा। इसी फैसले के दौरान अदालत ने राज्यपालों की ओर से राष्ट्रपति को भेजे गए बिल पर भी स्थिति स्पष्ट की। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। शुक्रवार रात वेबसाइट पर अपलोड किए गए ऑर्डर में सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 201 का हवाला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा राज्यपालों की ओर से भेजे गए बिल के मामले में राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो या पॉकेट वीटो का अधिकार नहीं है। उनके फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनुच्छेद 201 कहता है कि जब विधानसभा किसी बिल को पास कर दे। उसे राज्यपाल के पास भेजा जाए और राज्यपाल उसे राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दे। इस स्थिति में राष्ट्रपति



**● राष्ट्रपति के फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है और न्यायपालिका बिल की संवैधानिकता का फैसला न्यायपालिका करेगी**

को बिल पर मंजूरी देनी होगी या फिर बताना होगा कि मंजूरी नहीं दे रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आर्टिकल 201 के तहत राष्ट्रपति का निर्णय की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अगर बिल में केंद्र सरकार के निर्णय को प्राथमिकता दी गई हो, तो कोर्ट मनमानी या दुर्भावना के आधार पर बिल की समीक्षा करेगा। अदालत ने कहा कि बिल में राज्य की कैबिनेट को प्राथमिकता दी गई हो और राज्यपाल ने विधेयक को मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के विपरीत जाकर फैसला किया हो तो कोर्ट के पास बिल की कानूनी रूप से जांच करने का अधिकार होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जब कोई समय-सीमा तय हो, तो वाजिब टाइम लाइन के भीतर फैसला करना चाहिए। राष्ट्रपति को बिल मिलने के 3 महीने के भीतर फैसला लेना अनिवार्य होगा। यदि देरी होती है, तो देरी के कारण बताने होंगे। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति किसी बिल को राज्य विधानसभा को संशोधन या पुनर्विचार के लिए वापस भेजते हैं। विधानसभा उसे फिर से पास करती है, तो राष्ट्रपति को उस बिल पर फाइनल डिसीजन लेना होगा और बार-बार बिल को लौटाने की प्रक्रिया रोकनी होगी। 8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के मामले पर गवर्नर के अधिकार की 'सीमा' तय कर दी थी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा था, 'राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के 10 जरूरी बिलों को राज्यपाल की ओर से रोके जाने को अवैध भी बताया। कोर्ट ने कहा कि यह मनमाना कदम है और कानून के नजरिए से सही नहीं। राज्यपाल को राज्य की विधानसभा को मदद और सलाह देनी चाहिए थी। अदालत ने कहा था कि विधानसभा से पास बिल पर राज्यपाल एक महीने के भीतर कदम उठाएं। सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु सरकार की तरफदायर याचिका पर सुनवाई हुई थी। इसमें कहा गया था कि राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य के जरूरी बिलों को रोककर रखा है। बता दें कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) में काम कर चुके पूर्व अधिकारी आरएन रवि ने 2021 में तमिलनाडु के राज्यपाल का पद संभाला था। पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना करते हुए अब केन्द्र सरकार जानबूझ कर राज्यों के बिलों पर फैसला लेने में देरी नही करवा सकेगी। उन्होंने कहा कि अटार्नी जनरल ने समय-सीमा निर्धारित करने के निर्णय का विरोध किया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के विपरीत रुख को खारिज कर दिया।

**तमिलनाडु के 10 बिल राज्यपाल और राष्ट्रपति की सहमति के बिना बने कानून :** तमिलनाडु सरकार द्वारा पारित किए गए 10 विधेयक राज्यपाल और राष्ट्रपति की सहमति के बिना कानून बन गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल की स्वीकृति न देने को अवैध करार दिया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस फैसले को ऐतिहासिक करार देते हुए सभी भारतीय राज्यों के लिए एक बड़ी जीत है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह फैसला गैर भा.ज.पा. शासित राज्यों के लिए एक संदेश है। द्रमुक पार्टी ने आरोप लगाया था कि राज्यपाल जानबूझकर विधेयकों की स्वीकृति में देरी कर रहे थे, जिससे विकास में रुकावट आ रही थी। इन विधेयकों को राज्यपाल द्वारा दो बार वापिस भेजा गया, जिसके चलते राजनीतिक विवाद उत्पन्न हुआ। इसके बाद तमिलनाडु विधानसभा ने विशेष सत्र बुलाकर इन विधेयकों को फिर से पारित कर राज्यपाल के पास भेज दिया। राज्यपाल की बिना स्वीकृति के इन (शेष पृष्ठ 7 पर)

## भारत ने भी शिपिंग पर पहले वैश्विक कार्बन टैक्स के पक्ष में किया मतदान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने शिपिंग (पोत परिवहन) पर दुनिया के पहले वैश्विक कार्बन टैक्स के पक्ष में किया मतदान। भारत के अलावा चीन समेत 62 अन्य देशों ने भी संयुक्त राष्ट्र की पोत परिवहन एजेंसी के उद्योग पर वैश्विक कार्बन टैक्स लगाने के प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। इस समझौते को अंतरराष्ट्रीय जलवायु नीति के लिए एक सफलता के रूप में देखा जा रहा है। एक हफ्ते चली लंबी बातचीत के बाद शुक्रवार को लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के मुख्यालय में इस बारे में फैसला किया गया।

इस कदम का उद्देश्य पानी के जहाजों से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करना और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना है। यह पहली बार है जब किसी पूरे उद्योग पर वैश्विक कार्बन कर लगाया गया है। इसके तहत वर्ष 2028 से जहाजों को या तो कम उत्सर्जन वाले ईंधन को अपनाना होगा या उनके द्वारा किए गए प्रदूषण के लिए शुल्क का भुगतान करना होगा। कार्बन टैक्स से साल 2030 तक 40 अरब डॉलर की राशि जुटाई जा सकती है। कार्बन टैक्स से जुटाए गए राजस्व का इस्तेमाल समुद्री क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए किया जाएगा। विकासशील देशों (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मुर्शिदाबाद में होगी केंद्रीय बल की तैनाती, हाईकोर्ट ने की सख्त टिप्पणी



**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कई जिलों में वक्फ कानून के खिलाफ उग्र प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। शुक्रवार को मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई।

इस हिंसा में तीन लोगों लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार, जिले के शमशेरगंज में एक घर से पिता-पुत्र की रक्तरंजित लाश बरामद हुई है। उनके शरीर पर अनेक जगहों पर जख्म के निशान हैं। वहीं, सूती में यह किशोर की गोली लगने से मौत हो गई है। मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा के सिलसिले में 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। शुक्रवार को हिंसा के दौरान पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई। सुरक्षा बलों पर पथराव किया गया और सड़कें ब्लॉक कर दी गई। हिंसा की घटना में 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं तथा अनेक लोग जख्मी हुए हैं।

मुर्शिदाबाद हिंसा मामले को लेकर टीएमसी के सौगत रॉय ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुस्लिम समुदाय को शांत करने के लिए बैठक बुलाई है। बता दें कि मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ लोगों जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ये प्रदर्शन हिंसा में तब्दील हो गया। हिंसा में तीन लोगों की जान गई है। कलकत्ता

**● राज्यपाल ने दिए सख्त कार्रवाई के आदेश, सीएम ममता ने बुलाई बैठक**

हाई कोर्ट ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती के निर्देश दिए। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती की मांग को लेकर आज हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। न्यायाधीश सौमेन सेन व न्यायाधीश राजा बसु चौधरी की विशेष खंडपीठ में अधिकारी की याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट आंखें मूंद कर नहीं बैठ सकता। मुर्शिदाबाद में शांति लौटाना व सभी की रक्षा करना कोर्ट का मुख्य उद्देश्य है। हिंसा के लिए दोषी लोगों को तत्काल चिह्नित करना होगा। बता दें कि मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि अनेक लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा 15 पुलिस कर्मी गंभीर रूप से जख्मी हैं। इसके अलावा खंडपीठ ने कहा कि राज्य के अन्य हिंसाग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती की जरूरत होने पर सरकार इसकी मांग कर सकती है। सुनवाई के दौरान सुवेंदु के वकील ने कहा कि (शेष पृष्ठ 7 पर)

## एल्युमीनियम फैक्ट्री में विस्फोट से पांच की मौत

**नागरपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में शुक्रवार को एल्युमीनियम इकाई में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई। हादसे में कई के घायल होने की भी खबर है। इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। उमरेड पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि विस्फोट शाम सात बजे उमरेड एमआईडीसी में एमएमपी एल्युमीनियम इंडस्ट्रीज में हुआ। धमाका इतना जोरदार था कि करीब एक किलोमीटर दूर तक धुआं दिखाई दे रहा था। गंभीर घायलों को सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फर्म एल्युमीनियम फॉयल और पाउडर बनाती है। मौके पर मौजूद कुछ अधिकारियों ने कहा कि एल्युमीनियम पाउडर की वजह से आग और भड़क गई है। आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। वहीं, नागपुर ग्रामीण एसपी हर्ष पोद्दार ने इस विस्फोट के बारे में बताया है कि यह फैक्ट्री नागपुर के उमरेड तालुका में स्थित है। फैक्ट्री की पॉलिश ट्यूबिंग यूनिट में विस्फोट हुआ है। आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका है। दमकल विभाग मौके पर मौजूद है। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने का काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि विस्फोट के दौरान कुल 87 लोग अंदर मौजूद थे। आठ लोगों के घायल होने की खबर है।

# औरंगजेब महाराष्ट्र में ही मराठों से हारा : अमित शाह

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



**रायगढ़ (महाराष्ट्र)।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 345वीं पुण्यतिथि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह महाराष्ट्र के रायगढ़ किले में पहुंचे। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री ने शिवाजी महाराज की वीरता को नमन किया। उन्होंने कहा कि खुद को आलमगीर कहने वाला औरंगजेब जीवन भर महाराष्ट्र में मराठों के खिलाफ लड़ाई लड़ता रहा। वह मराठों से हारा और इसी धरती में दफन किया गया। औरंगजेब की समाधि इसी धरती पर है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शिवाजी महाराज महाराष्ट्र तक सीमित नहीं हैं। उनकी एकता की विरासत देश के लिए प्रेरणा है। शिवाजी महाराज के स्वधर्म और स्वराज्य के आदर्श स्वतंत्रता के 100वें वर्ष तक महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को प्रेरित करते रहेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं महाराष्ट्र के लोगों से अपील करता हूं कि वे छत्रपति शिवाजी महाराज को राज्य तक सीमित न रखें। उनकी जबरदस्त इच्छाशक्ति, दृढ़ संकल्प और साहस देश को प्रेरित करते हैं क्योंकि उन्होंने रणनीतिक रूप से समाज के सभी वर्गों को एकजुट किया। शिवाजी महाराज ने मुगलशाही को हराया था। अमित शाह ने कहा कि न तो भाग्य छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ था, न ही अतीत उनके साथ था, न ही उनके पास पैसा था और न ही सेना थी। एक बच्चे ने अपने अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प से पूरे देश को स्वराज का मंत्र दिया। कुछ ही समय में उन्होंने 200 साल पुरानी मुगल हुकूमत को चकनाचूर कर दिया और देश को आजाद कराया। उन्होंने कहा कि आज आजादी के 75 साल बाद हम दुनिया के सामने सिर ऊंचा करके खड़े हैं। हम संकल्प लेते हैं कि जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे तो हमारा भारत दुनिया में नंबर वन होगा। यह शिवाजी महाराज का भी सपना था। महान मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्श भारत को अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाने और महाशक्ति बनने की यात्रा के लिए प्रेरित करते हैं। नरेंद्र मोदी सरकार (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### मुठभेड़ में 3 नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर के भैरमगढ़ इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। जवानों ने 3 नक्सलियों को मार गिराया है। तीनों के शव के साथ हथियार भी बरामद किया गया है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

उन्होंने बताया कि बीजापुर के इंद्रावती क्षेत्र के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद करीब 400 जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। जवानों ने 2025 में अब तक 146 नक्सलियों को मार गिराया है।

### वाराणसी गैंगरेप केस में आरोपियों के मोबाइल से मिले 546 न्यूड वीडियो

**वाराणसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 19 वर्षीय लड़की के साथ हुए गैंगरेप मामले में अब एक और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। आरोपियों के मोबाइल फोन से 546 लड़कियों के न्यूड वीडियो मिले हैं। पुलिस जांच में यह सामने आया कि इन वीडियो को विभिन्न नंबरों पर भेजा गया था, जिनकी लोकेशन यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में मिली है। यह खुलासा इस केस को और भी जटिल बना देता है और इससे देशभर में चिंता का माहौल पैदा हो गया है। अभी और कई बड़े खुलासे होने बाकी हैं। इस मामले में कुल 23 लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगाया गया है। हालांकि, पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन 11 आरोपी अब भी फरार हैं। आरोपियों का नेटवर्क काफी बड़ा और जटिल नजर आ रहा है। पुलिस अब इन फरार आरोपियों को पकड़ने की पूरी कोशिश कर रही है और जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि इन वीडियो को किन-किन लोगों ने देखा और शेयर किया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों ने इन वीडियो को अलग-अलग राज्यों में स्थित लोगों को भेजे थे। यह वीडियो यूपी, बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के विभिन्न लोकेशन्स से मिले हैं। यह खुलासा इस बात का संकेत है कि आरोपियों का नेटवर्क सिर्फ एक राज्य तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक (शेष पृष्ठ 7 पर)

# लालच की वजह से धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहिए



**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**गांधीनगर (गुजरात)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि धर्म ही ऐसा रास्ता है जो सबको सुख की ओर ले जा सकता है।

उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में लालच, डर या प्रलोभन का सामना करना पड़ सकता है, और वे लोगों को उनके धर्म से भटका सकते हैं, लेकिन हमें लालच या भय के कारण अपने धर्म को नहीं बदलना चाहिए। आरएसएस प्रमुख गुजरात के वलसाड जिले के बारुमल में सद्गुरुधाम में श्री भाव भावेश्वर महादेव मंदिर के रजत जयंती समारोह में बोल रहे थे। आरएसएस प्रमुख भागवत ने समारोह में बोलते हुए कहा कि कुछ ताकतें हैं जो हमें धर्म बदलने के लिए मजबूर करना चाहती हैं, लेकिन हमें ऐसे किसी लालच या डर में नहीं आना चाहिए। धर्म हमें जोड़ता है और सही रास्ते पर ले जाता है। उन्होंने कहा, %हम एकजुट होना जानते हैं और एकजुट होना चाहते हैं। हम लड़ना नहीं चाहते। लेकिन हमें खुद को बचाना होगा। इसके लिए प्राचीन काल से ही व्यवस्थाएं (शेष पृष्ठ 7 पर)

## मुंबई हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से एनआईए ने कई घंटों तक की पूछताछ

# तहव्वुर राणा ने पूछताछ में किया बड़ा खुलासा

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**मुम्बई।** हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा से एनआईए ने शानिवार को कई घंटों तक पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने आतंकी राणा से मुंबई हमले में शामिल लोगों और हमले से पहले की गई यात्रों को लेकर कई सवाल पूछे हैं।

राणा ने पूछताछ में एक दुबई के शख्स के बारे में जिक्र किया है। हालांकि अभी उस खबर के बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। एनआईए की पूछताछ में राणा ने बताया कि दुबई के एक शख्स को मुंबई आतंकी हमले की साजिश की जानकारी थी। डेविड कोलमैन हेडली



उर्फ दाऊद गिलानी ने कथित तौर पर राणा की दुबई में इस हमले में शामिल एक अन्य साजिशकर्ता से मुलाकात कराई थी। अमेरिकी जांच एजेंसियों की ओर से भारतीय अधिकारियों को दी गई जानकारी के अनुसार, यह व्यक्ति मुंबई हमले के बारे में जानता था। एनआईए सूत्रों के अनुसार, डेविड हेडली ने 2008 में राणा को भारत की यात्रा न करने की चेतावनी दी थी। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि हेडली को होने वाले हमले के बारे में पता था। इस शख्स की जानकारी सामने आने के बाद अब एआईए इस बात की जांच रही है कि जिस शख्स से राणा ने मुलाकात की थी क्या वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) से जुड़ा था, क्या वह पाकिस्तानी सेना का कोई वरिष्ठ अधिकारी था या फिर पाकिस्तान से संचालित किसी आतंकवादी गुट का सरगना था।

एनआईए ने शुक्रवार को राणा से करीब तीन घंटे तक पूछताछ की थी। हालांकि उसने एनआईआर के सवालों पर गोलमोल जवाब दिए थे। एआईए सूत्रों ने कहा था कि राणा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है और सवालों के सही ढंग से जवाब नहीं दे रहा है। वहीं शनिवार को सूत्रों ने बताया कि राणा ने पूछताछ में मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड साजिद मीर से संपर्क में रहने की बात कबूल की है। एनआईए राणा की भारत के कई शहरों में की गई यात्राओं को लेकर भी जांच कर रही है। एनआईए सूत्रों के अनुसार, मुंबई में इस्तेमाल की गई रणनीति अन्य भारतीय शहरों को दहलाने की व्यापक साजिश का हिस्सा हो सकती है।

बता दें कि 2008 में 13 से 21 नवंबर के बीच राणा ने अपनी पत्नी समराज राणा अख्तर के साथ कई शहरों का दौरा किया था। इन शहरों में उत्तर प्रदेश में हापुड़ और आगरा, दिल्ली, कोच्चि, अहमदाबाद और मुंबई शामिल हैं। अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं कि क्या ये यात्राएं इसी तरह के हमलों को अंजाम देने के लिए किसी रेकी मिशन का हिस्सा थीं। अदालत में राणा ने (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मारपीट में जख्मी युवक की मौत

चर्चित राजनीति। संवाददाता




- आरोपी सौतेला भाई और उसकी पत्नी पुलिस हिरासत में
- शिवगढ़ थाना क्षेत्र के दुन्ना खेड़ा मजरे हसवा की घटना, सम्पत्ति के लिए अपने ही बन गये खून के प्यासे

**शिवगढ़ (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के दुन्ना खेड़ा मजरे हसवा में एक दिल दहला देने वाली दर्दनाक घटना सामने आई है। शनिवार सुबह करीब 9 बजे कोठरी में भूसा रखने को लेकर सौतेले भाई के बीच विवाद हो गया।

जानकारी के मुताबिक विवाद उस समय हो गया जब सर्वेश कुमार पुत्र नरेश लाल पासी कोठरी में भूसा रख रहा था तभी उसके सौतेले भाई सोहनलाल नरेश लाल पासी से जमीनी विवाद को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों के मध्य झगड़ा होने लगा झगड़े में दोनों की पत्नियां भी शामिल हो गई। सोहनलाल और उनकी पत्नी तारावती ने सर्वेश की जमकर पिटाई कर दी। आरोप है कि मारपीट में सर्वेश जख्मी होकर जमीन पर गिर पड़ा। जिसके पश्चात सर्वेश की पत्नी पिंकी उसे निजी वाहन से उसे आनन-फानन में बछरावां स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने इलाज से मना कर दिया। जिसके बाद वह सर्वेश को वापस घर ले आई। घर पहुंचकर डायल 112 को सूचना दी और एंबुलेंस से सर्वेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया जहां प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी पिंकी ने हत्या का आरोप लगाते कहा कि सोहनलाल और उनकी पत्नी तारावती की पिटाई के कारण उनके पति की मौत हुई है। मृतक की पत्नी ने न्याय की मांग की है। शिवगढ़ थाना प्रभारी विंध्य विनय ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है?। मृतक के भाई सोहनलाल और उसकी पत्नी तारावती पुलिस हिरासत में है। सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। शांति एवं कानून व्यवस्था सम्बन्धी कोई समस्या नहीं है। थाना प्रभारी का कहना है कि मृतक के शरीर पर कहीं चोट के निशान नही हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा।

**तीन बच्चों के सिर से उठ गया पिता का साया :** सर्वेश की मौत के से पत्नी पिंकी का रो-रोकर बुरा हाल है सर्वेश के तीन बच्चे हैं। सर्वेश की मौत उसकी 12 वर्षीय बेटी निधि, बेटे चुन्नू 8 वर्ष, छोटे बेटे वैदिक 4 वर्ष के सिर से पिता का साया उठ गया है। पिता की मौत से तीनों बच्चों का रो रोकर बुरा हाल है।

# संकट मोचन मन्दिर बैंती में हर्ष और उल्लास से मनाई गई हनुमान जयंती



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती स्थित बजरंगबली के संकट मोचन मन्दिर में हर्षोल्लास पूर्वक हनुमान जयन्ती मनाई गई।

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मन्दिर में प्रातः 8 बजे मंत्रोंच्चारण के साथ संगीतमयी सुन्दरकाण्ड पाठ शुरू हुआ, दोपहर 2 बजे जिसके समापन पर मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित। कार्यक्रम का आयोजन जयशंकर मिश्रा सपत्नी गायत्री मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके गणेश शंकर मिश्रा, शास्वत मिश्रा,पवन बाजपेई, विभू, अरुण मिश्रा, कमल किशोर रावत, टीनू , बेचालाल, शिवराज, राममनोहर मौर्य, बेचालाल आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु आज हनुमान जयंती है गीत पर जमकर थिरके। गणेश शंकर मिश्रा ने बताया कि बजरंगबली के इस मन्दिर का निर्माण मानव कल्याण के उद्देश्य सन् 1940 में पूर्व प्रधान पण्डित गुरु प्रसाद मिश्रा ने कराया था। जयशंकर मिश्र ने बताया कि बजरंगबली के इस मन्दिर में श्रद्धालुओं किया अटूट आस्था सच्चे मन से बजरंगबली की पूजा अर्चना करने से भक्तों के बिगड़े काम बन जाते हैं एवं सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

# बिजली कर्मियों के आंदोलन को नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी का समर्थन

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए नियुक्त ट्रांजैक्शन कंसलटेंट का फर्जीवाड़ा सामने आने के बावजूद उसकी रिपोर्ट पर निजीकरण हेतु औद्योगिक घरानों के साथ आज मुख्य सचिव और उच्च अधिकारियों द्वारा मीटिंग किया जाना बेहद आपत्तिजनक है। यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के सर्वथा विपरीत है।बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों की राष्ट्रीय समन्वय समिति, नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने आज सर्कुलर जारी कर उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों के आंदोलन के कार्यक्रम का खुला समर्थन कर दिया है। कोऑर्डिनेशन कमिटी ने देश के सभी बिजली कर्मचारी संगठनों और अभियंता संघों को निर्देश जारी किया है कि वे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का सक्रिय समर्थन करें। सर्कुलर के अनुसार 02 मई से 09 मई तक लखनऊ में होने वाले क्रमिक अनशन में उत्तरी भारत के विभिन्न प्रांतो के कर्मचारी और इंजीनियर भी सम्मिलित होंगे।

निजीकरण के विरोध में कार्यरत एक और राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया फेडरेशन अगेंस्ट प्राइवेटाइजेशन ने 15 अप्रैल को दिल्ली में कांस्टीट्यूशन क्लब में उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों के आंदोलन के समर्थन में एक राष्ट्रीय बैठक बुलाई है । इस बैठक में बिजली के अलावा रेल, रक्षा, टेलीफोन, आर्डिनेंस फैक्ट्री, स्टील, कोयला, बैंक, बीमा आदि संस्थानों की ट्रेड यूनियनों के साथ मजदूरों की राष्ट्रीय फेडरेशन के अध्यक्ष, महामंत्री और वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि एक ओर तो पावर कॉरपोरेशन के निदेशक वित्त ने ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मे ग्रांट थॉर्टन से उनके फर्जी शपथ पत्र के विषय में 24 घंटे में जवाब तलब किया है वहीं दूसरी ओर इसी कंसल्टेंट की रिपोर्ट पर आज लखनऊ के एक पांच सितारा होटल में निजी घरानों की मीटिंग कर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का आर एफपी डॉक्यूमेंट तैयार किया गया। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि इस बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव , पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा और उच्च अधिकारी मौजूद रहे। समाचार है कि इन उच्च अधिकारियों ने निजी घरानों को कहा कि वे बिना डरे टेंडर डालें। इससे ऐसा लगता है कि इन उच्च अधिकारियों की निजी घरानों के साथ मिली भगत है और वे येन केन प्रकारेण निजीकरण करने पर उतारू है। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि 09 अप्रैल की रैली में लिए गए निर्णय के अनुसार बिजली कर्मी लोकतांत्रिक ढंग से निजीकरण के विरोध में अपना संघर्ष जारी रखेंगे। इसके साथ ही संघर्ष समिति इस मामले में विधिक राय भी ले रही है और तदनुसार साथ साथ विधिक कार्यवाही भी की जाएगी।

**मुख्य सचिव और उच्चधिकारियों के बयान पर भड़की संघर्ष समिति :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने आज राजधानी के एक होटल में हुई मीटिंग के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और ऊर्जा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए बयान पर तीखी प्रक्रिया व्यक्त की है।

संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण की प्रक्रिया में कोई पारदर्शिता नहीं है। उन्होंने कहा की मुख्य सचिव का यह बयान उचित नहीं है कि बिना डरे बिना रुके निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है और किसी के दबाव के आगे नहीं झुकना है। उन्होंने कहा कि निजीकरण की प्रक्रिया में अब तक एक बार भी विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति,उत्तर प्रदेश या किसी भी संगठन के साथ कोई वार्ता नहीं की गई है। उल्टे विद्युत कर्मचारियों को डराने की बात हो रही है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढंग से विरोध प्रदर्शन और लखनऊ में रैली करना कोई डराने वाला कदम नहीं है। उन्होंने कहा यदि बिजली के क्षेत्र में सबसे प्रमुख स्टेट होल्डर बिजली कर्मचारी संगठनों को बुलाया गया होता तो उड़ीसा , ग्रेटर नोएडा के तथा कथित रिफॉर्म की असलियत सामने आ जाती । उड़ीसा में 1998 में निजीकरण किया गया था। 2015 में उड़ीसा के विद्युत नियामक आयोग ने पूरी तरह विफल रहने और भारी भ्रष्टाचार के कारण निजीकरण के सभी लाइसेंस रद्द कर दिए थे। आज की मीटिंग में उड़ीसा के निजीकरण की सफलता की कहानी सुनाई जा रही है इससे ज्यादा बड़ा मजाक और कोई नहीं हो सकता। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मुख्य सचिव और ऊर्जा विभाग के आला अधिकारी निजीकरण के जरिए सुधारो के प्रति इतने आश्वस्त है तो विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के साथ सीधे वार्ता क्यों नहीं करते। संघर्ष समिति को भी अपना पक्ष रखने का अवसर मिलना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि निजीकरण किसी भी प्रकार कर्मचारियों और उपभोक्ताओं के हित में नहीं है। बिजली कर्मी निजीकरण को कदापि स्वीकार नहीं करेंगे और निजीकरण के विरोध में लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया जाता।

**फर्जी शपथ पत्र पर नही आया जवाब और अधिकारी दे रहे न्यौता :** दक्षिणांचल व पूर्वाचल के अंतर्गत 42 जनपदों के निजीकरण के मसौदे को तैयार करने के लिए रखे गए ब्रिटिश कंसलटेंट ग्रांटथॉर्नटन जिसे अमेरिका के रेगुलेटर पब्लिक कंपनी अकाउंटिंग ओवर साइट बोर्ड (पीसीएओबी) द्वारा 40000 डॉलर की पेनल्टी लगाई गई और सेंसर किया गया। उसे छुपा कर उत्तर प्रदेश में टेंडर लिए जाने के मामले पर पावर कॉरपोरेशन द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण का जवाब ग्रांट थ्रोनटन द्वारा शाम 5 बजे तक पावर कारपोरेशन को नहीं सौपा गया। जो यह सिद्ध करता है कि ग्रांट थ्रोनटन को तत्काल ब्लैक लिस्ट किया जाए। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि एक तरफ कंसलटेंट का इतना गंभीर मामला सामने आ रहा है और वहीं दूसरी तरफ होटल ताज में बिजली क्षेत्र के एक्सपर्ट जो निजी घरानो में कार्यरत है उनकी एक बैठक आयोजित की गई। उसमें सरकार की तरफ से वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि आप सभी निजीकरण के लिए तैयार रहे सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। डरने की कोई बात नहीं सवाल या उठना है। उपभोक्ता परिषद ने सवाल उठाया कि भ्रष्टाचार की नींव पर क्या निजीकरण की इजाजत प्रदेश के मुख्यमंत्री देंगे बिल्कुल नहीं देंगे। जो नौकरशाह मुख्यमंत्री को गुमराह करके निजीकरण करने के लिए आमादा है उन्हें अभी भी समय है अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा जिस प्रकार कंसल्टेंट कंपनी द्वारा गलत शपथ पत्र देकर जो टेंडर लिया गया उसके बाद उसके देखरेख में आज होटल ताज मे निजीकरण के मसौदे पर मीटिंग कराया जाना पूरी तरह असंवैधानिक है। पूरे उत्तर प्रदेश में प्रदेश के उपभोक्ताओं में इस बात पर भारी रोष व्याप्त है कि ऐसा क्या हो गया कि उत्तर प्रदेश की सरकार पांच सितारा होटल में उद्योगपतियों को रेड कारपेट बिछाकर उन्हें यह भरोसा दिला रही है आ जाओ बिजली विभाग में टेंडर डालो आपको पूरा सपोर्ट किया जाएगा। जबकि निजी घराने उत्तर प्रदेश में आने से कतरा रहे हैं। इसका मुख्य कारण है उपभोक्ता परिषद ने अदानी, ,टाटा, टोरंटा, रिलायंस, नोएडा पावर कंपनी हो सब की असलियत खोल दी है। अनेकों याचिकाओं में आपत्तिकर्ता के रूप में उपभोक्ता परिषद ने भड़ाफोड किया है। उन्हें पूरी तरह या पता है कि आज जो हाल ग्रांट थॉर्नटन का हो रहा है वही उनका भी होगा। उपभोक्ता परिषद ने कहा कुछ नौकरशाह गुमराह करके

# अंबेडकर जयंती पर दो दिन तक चलेंगे विविधि कार्यक्रम



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** आरक्षण बचाओ संघर्ष उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सशब की 134वीं जयंती के उपलक्ष में पूर्व की तरह दो दिन तक चलने वाले कार्यक्रम की अंतिम तैयारी बैठक में आज सभी संयोजकों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई।

बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या 13 अप्रैल को शाम 6 बजे बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक गोमती नगर गेट नंबर -1 के सामने एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हमेशा की तरह इस बार भी आयोजित किया जाएगा। जिसमें भीम गीत गाने वाले प्रसिद्ध गीत गायक विशाल गाजीपुरी व सपना बौद्ध द्वारा अपना प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। 2 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत द्वारा किया जाएगा सभी विभागों के आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के संयोजकों द्वारा बाबा साहब की जयंती की पूर्व संध्या पर आरक्षण को बचाने की भी शपथ ली जाएगी। गौरतलब है कि बाबा साहब ने 1934 में कहा था बिजली हमेशा सार्वजनिक क्षेत्र में रहना चाहिए ऐसे में बिजली के निजीकरण के खिलाफ भी संकल्प लिया जाएगा। बिजली जैसी आवश्यक सेवा हमेशा सरकारी क्षेत्र में रहे। बाबा साहब की जयंती के अवसर पर हमेशा की तरह 14 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 10 कुंतल भोजन फल एवम मिष्ठान दान का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक अवधेश कुमार वर्मा, डॉ राम शब्द जैसवारा, के बी राम, आर पी केन, अनिल कुमार, नेकीराम, श्यामलाल, बिंदा प्रसाद, बनी सिंह, लेखराम, प्रेमचंद, जितेंद्र कुमार, श्रीनिवास राव, अजय कुमार, रमेश कुमार ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव की जयंती पूरे प्रदेश के आरक्षण समर्थकों के लिए बहुत ही शुभ दिन है जिस दिन पूरे प्रदेश में आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जरूरतमंदों को संयोजक मंडल अपने तरीके से सभी जनपदों में भोजन दान सहित अन्य दान भी करेगा।

# योगा टीचर को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में साइबर ठगों ने एक योगा टीचर को मनी लांडरिंग केस में जेल भेजने का डर दिखाकर आठ लाख रुपए ठग लिए। साइबर ठग करीब 24 घंटे तक उन पर वीडियो कॉल और वॉट्सऐप कॉल से निगरानी बनाए रहे। पीड़िता पूरे परिवार को जेल जाने से बचाने के लिए अपनी तीन एफडी तुड़वाकर पैसे साइबर ठगों के बताए खाते में भेज दिए। साइबर थाना पुलिस पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इंदिरानगर मुंशी पुलिया सूर्या इन्क्लेव में शोभा रानी रहती हैं। नेशनल होम्योपैथिक कालेज में योगा टीचर शोभा रानी ने पुलिस को बताया कि आठ अप्रैल को वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल आया। जिस पर कोलाबा पुलिस स्टेशन दिखा रहा था। फोन करने वाले ने अपना नाम अजय भास्कर बताते हुए बात की। उसने कहा कि वह कोलाबा पुलिस स्टेशन मुंबई में सब इंस्पेक्टर है। आपका नाम नरेश गोयल के मनी लांडरिंग केस में आया है।जिसमें आपके कैनरा बैंक अकाउंट का यूज हुआ है। जिसका पैसा वूमेन एवं चाइल्ड ट्रैफिकिंग में प्रयोग हुआ है। हमारा कैनरा बैंक में कोई खाता नहीं है, कहने के बाद भी वह नहीं माना। उसके बाद उसने एफआईआर दर्ज होने की बात कह कई कागज वॉट्सऐप पर भेज दिए। जिससे डर गई।

# अब खलीलाबाद और बहराइच के बीच बिछेगी रेल लाइन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** अब खलीलाबाद और बहराइच के बीच रेल लाइन बिछाई जायेगी। खलीलाबाद-बहराइच नई रेल लाइन परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच जैसे पांच जिलों को जोड़ना है।यह परियोजना 241.6 किलोमीटर लंबी है, जिसे तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। इससे इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर यातायात की सुविधा मिलेगी और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। इन क्षेत्रों का समग्र विकास होगा।नई रेल लाइन का निर्माण कार्य तीन चरणों में किया जाएगा।



पहले चरण में खलीलाबाद से बांसी तक 54.40 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण प्रारंभ हो चुका है। इस चरण को 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए 237 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है, जिसमें से 203 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है और निर्माण कार्य भी चल रहा है। शेष 34 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण अंतिम चरण में किया जाएगा।दूसरे चरण में बांसी से श्रावस्ती तक 115 किलोमीटर रेल लाइन के निर्माण के लिए 569 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। तीसरे चरण में श्रावस्ती से बहराइच तक 72.20 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण किया जाएगा। 342 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होना है, जो जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।इस नई रेल लाइन के दौरान 32 स्टेशन बनाए जाएंगे, जिनमें चार जंक्शन, 16 क्रासिंग और 12 हाल्ट स्टेशन शामिल होंगे। इन स्टेशनों के माध्यम से यात्रियों को आसानी से यात्रा करने का अवसर मिलेगा। इस रेल लाइन पर 34 बड़े पुल और 86 छोटे पुल बनाए जाएंगे। नौ ओवर ब्रिज और 132 अंडरपास बनाए जाएंगे, जिससे यातायात को और सुगम बनाया जाएगा।नई रेल लाइन को 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेनें चलाने के लिए तैयार किया जा रहा है। आनंदनगर-महराजगंज-घुघली, सहजनवां-दोहरीघाट और खलीलाबाद-बहराइच जैसी रेल लाइनों पर विद्युतीकरण किया जाएगा। इसका उद्देश्य भविष्य में इन रेल लाइनों पर वंदे भारत जैसी तेज रफ्तार ट्रेनें भी चलाना है। वर्तमान में पूर्वोत्तर रेलवे के अन्य प्रमुख मार्गों पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से ट्रेनें चल रही हैं, लेकिन इस नई रेल लाइन को उच्च गति के लिए तैयार किया जा रहा है।इस महत्वाकांक्षी परियोजना को केंद्र सरकार की कैबिनेट से अक्टूबर 2018 में मंजूरी मिली थी।

## सनातन महासभा की 137वीं गोमती महाआरती

**लखनऊ, चसं।** सनातन महासभा की ओर से झूलेलाल वाटिका, गोमती तट पर चौत्र पूर्णिमा व हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित सनातन महासमागम एवं 137वी आदि गंगा माँ गोमती महाआरती का आयोजन शनिवार को किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 7 भव्य मंचो से पूज्य स्वामी आनंद नारायण जी, स्वामी हरेन्द्र गिरी व देवेंद्र शुक्ल के सानिध्य में हुई। महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, तासे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पहले श्री हनुमान जन्मोत्सव पर दीप प्रज्वलन व 108 हनुमान चालीसा से हुआ। भारतीय नववर्ष पर्व पर नीशू त्यागी द्वारा निर्देशित भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु भारतीय परिधान प्रतियोगिता की विशेष प्रस्तुति ने श्रद्धालुओ का मन मोह लिया। प्रतियोगियों दो वर्ग 18 वर्ष आयु और उससे ऊपर की आयु के प्रतिभागी सम्मिलित हुए और सायं 4 बजे से आमजन के लिए निशुल्क दिव्यांग उपकरण रजिस्ट्रेशन, विधिक परामर्श शिविर एवं स्वैच्छिक दहेजमुक्त विवाह रजिस्ट्रेशन शिविर व वृद्धाध्विधवा पेंशन शिविर का आयोजन संस्था द्वारा किया गया। वरिष्ठ समाजसेवियो में कामिनी शर्मा सहित पांच लोगो को सनातन शिरोमणि व गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान से पूर्व 11 विशिष्ट समाजसेवियों का मंच पर भारतीय संस्कृति के अनुसार जन्म दिन व विवाह वर्षगांठ भी धूमधाम से मनाए गई। बाद में महाआरती का संयोजन कर रहे महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया महाआरती के बाद 501 दीपो से घाट दीवाली की तरह जगमगा उठा, साथ ही इस बार नशा व अपराध मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त प्रदेश बनाने का संकल्प अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान प्रमुख ज्योति बाबा(योग गुरु) द्वारा कराया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## शिवगढ़ में श्रीरम कथा के बाद आयोजित विशाल भण्डारा सम्पन्न



**शिवगढ़,रायबरेली, एजेंसी।** नगर पंचायत के शिवगढ़ कस्बा स्थित राम जानकी मन्दिर ठाकुरद्वारा परिसर में 9 दिवसीय श्री राम कथा के समापन के उपलक्ष्य में यजमान भोला कश्यप, राधे कश्यप के नेतृत्व में नगर पंचायत वासियों एवं श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। भण्डारे में पूण्य की लालसा से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। भण्डारा दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ जो देर रात तक चला। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी अंजनी दीक्षित,महन्त गुरु प्रसाद यज्ञ सैनी, राकेश त्रिवेदी, शिव देवी शर्मा, उत्कर्ष अवस्थी, धर्मेंद्र अवस्थी, राहुल शर्मा, शालू गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**बैंती में जगन्नाथ स्वामी का विशाल भण्डारा सम्पन्न :** रायबरेली जिले के शिवगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत बैंती में श्री रामचरितमानस पाठ के समापन पर आयोजित विशाल भण्डारा सम्पन्न हुआ। भण्डारे का आयोजन बद्री प्रसाद शर्मा द्वारा मानव कल्याण के उद्देश्य से शुक्रवार को किया गया। दोपहर 2 बजे से शुरू हुआ विशाल भण्डारा रात्रि 12 बजे तक चला। जिसमें क्षेत्र ही नहीं दूर दराज से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। इस मौके पर चंद्रशेखर शर्मा, हरिवंश शर्मा, शिवकुमार शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि जानकीशरण जायसवाल, उदयराज मौर्य, जगन्नाथ अवस्थी, राजकुमार अवस्थी, हरि गोविंद मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## कैम्प में जमा हुआ एक लाख से अधिक बकाया विद्युत बिल




**शिवगढ़,रायबरेली, चसं।** रायबरेली जिले के शिवगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत पंचायत भवन बैंती शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा एक दिवसीय विद्युत कैम्प आरोजित किया गया। प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक चल विद्युत कैम्प में छोटे बड़े बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं को मिलाकर कुल चार दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं ने विद्युत कैम्प में पहुंचकर विद्युत बिल जमा किया। इसके साथ ही करीब एक दर्जन एक विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। जेई हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि छोटे बड़े बकाये दारों को मिलाकर करीब 50 उपभोक्ताओं ने विद्युत कैम्प में बिल जमा किया। उन्होंने बताया कि एक लाख से अधिक बकाया बिल जमा हुआ है। विद्युत कैम्प में एसडीओ प्रमोद कुमार वर्मा,जेई हरेन्द्र बहादुर सिंह,लाइन मैन दिनेश रावत, देवराज ,चन्द्रपाल, मनोज आदि लोगों उपस्थित रहे।

## मधुमक्खियां के हमले से युवक घायल

**हरचंदपुर रायबरेली, चसं।** क्षेत्र के दुलारा का पुरवा मजरे जोहवाशर्की गांव में एक युवक जानवरों को लेकर खेत गया हुआ था तभी मधुमक्खियां की झुंड ने युवक पर हमला बोल दिया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया स्थानीय लोगों ने आनन फानन एंबुलेंस बुलाकर युवक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है। पूरा मामला हरचंदपुर थाना क्षेत्र के दुलारा का पुरवा मजरे जोहवाशर्की गांव का है जहां पर राम अवतार पुत्र पंचम जानवरों को लेकर खेत गया हुआ था अचानक मधुमक्खियां ने राम अवतार पर हमला बोल दिया जिससे राम अवतार घायल हो गया स्थानीय रामकिशोर ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## हनुमान जयंती पर किया गया हवन व पूजन



**हरचंदपुर रायबरेली, चसं।** रायबरेली के हरचंदपुर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत डिडौली में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में व्यवसायी विनीत सिंह के नेतृत्व में सुंदरकांड पाठ, हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। 50 वर्ष पुराने इस दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में स्थानीय लोगों की गहरी आस्था है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां मांगी गई मन्नतें शीघ्र पूरी होती हैं। दोपहर 12 बजे से शाम तक चले भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी के दर्शन किए। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजकुमार सिंह, महेंद्र सिंह, शिवमूर्ति सिंह, श्री सेवक सिंह, अभय सिंह, धीरू सिंह, शिवम सिंह, गोलू सिंह, शिवाकांत दीक्षित, विजय सिंह और अजीत सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने पूजन में भाग लिया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ी भक्तों की भीड़,संगीतमय सुंदरकांड पाठ

**लखनऊ, चसं।** मोहनलालगंज में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में पूड़ी-सब्जी, छोला-चावल और बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया। यूपीसीएलडीएफके पूर्व चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने भंडारे का शुभारंभ किया। पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर, उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला और जिला सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी ने भी प्रसाद वितरण में भाग लिया। आयोजक अश्वनी मिश्रा और अनुपम मिश्रा ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर और पटका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अमरेश कुमार रावत, एसीपी रजनीश वर्मा और मोहनलालगंज इंस्पेक्टर अमर सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भंडारे में स्थानीय प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा विभाग के अधिकारी, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के सदस्य और भाजपा के नेता मौजूद रहे। हजारों की संख्या में स्थानीय लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## आज जय भीम पदयात्रा का शुभारंभ करेंगे उच्च शिक्षा मंत्री

**लखनऊ, चसं।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय कल 13 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे मरीन ड्राइव चौराहा लखनऊ से राज्य स्तरीय जय भीम पदयात्रा का शुभारंभ करेंगे। इस पदयात्रा 800 युवा मरीन ड्राइव चौराहा से अम्बेडकर पार्क तक पदयात्रा करेंगे। बाबा साहेब डॉ.भीम राव अम्बेडकर जयंती के एक दिन पूर्व यह आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संस्थान माय भारत के तत्वावधान में नेहरू युवा केन्द्र संगठन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंबेडकर की प्रतिमा रखने को लेकर हुआ बवाल,पथराव में महिला इंस्पेक्टर समेत 6 के सिर फूटे

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में शनिवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा सरकारी जमीन पर रखने को लेकर बवाल हो गया। इसे हटाने के विरोध में लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। सैकड़ों महिलाएं-पुरुष इकट्ठे होकर नारेबाजी करने लगे। पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की, तो प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। इसमें महिला इंस्पेक्टर मेनका सिंह समेत 6 लोगों के सिर फूट गए। इसके बाद पुलिस ने पांच राउंड आंसू गैस के गोले छोड़े। हालात काबू करने की कोशिश की जा रही है। घटना बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के मवई खातरी गांव की है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले गांव में चोरी-छिपे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। इसकी सूचना पर शनिवार दोपहर 2 बजे बीकेटी, इटौंजा, महिंगवा, मड़ियांव, महिला थाने की पुलिस के साथ पीएसी भी मौके पर पहुंची। गांव वालों का कहना है कि तीन दिन पहले ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर रात में चुपचाप मूर्ति रखी गई थी। न तो प्रशासन से इसकी इजाजत ली गई और न ही ग्रामीणों से राय ली गई। मूर्ति जिस जगह रखी गई, वह ग्राम समाज की जमीन है। यहां पहले हाट-बाजार और वैवाहिक आयोजन होते थे। चुपचाप मूर्ति रखने से नाराज सैकड़ों बुजुर्ग, महिलाएं और युवा खंतरी से निकलकर पहाड़पुर चौराहा पहुंचे और सड़क पर बैठकर धरना और प्रदर्शन शुरू कर दिया। नारेबाजी करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि मूर्ति हटाई जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो। हालात बिगड़ते देख मौके पर बीकेटी एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी, कई थानों की पुलिस और पीएससी बल को तैनात किया गया। लेकिन प्रशासन की अपील का कोई असर नहीं हुआ। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में गांव के प्रधान प्रतिनिधि को हिरासत में ले लिया, लेकिन इससे ग्रामीण और ज्यादा भड़क गए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि प्रशासन एकपक्षीय कार्रवाई कर रहा है। इलाके में तनाव है। सुरक्षा के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। पथराव में महिला इंस्पेक्टर मेनका सिंह के अलावा महिगंवा थाने के दरोगा रामेंद्र सिंह, हेड कॉन्स्टेबल जय प्रकाश, लाल मोहम्मद, नगुवामऊ चौकी प्रभारी शेष मणि और एलआईयू के क्षेत्रीय प्रभारी सिद्धेश वर्मा घायल हुए हैं।

### करणी सेना का प्रदर्शन, छावनी बना हजरतगंज, कई पदाधिकारी हाउस अरेस्ट

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ में क्षत्रिय समाज सपा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। विरोध को देखते हुए हजरत गंज इलाके में भारी फोर्स तैनात की गई है। करणी सेना, क्षत्रिय महासभा, राष्ट्रीय राजपूत महासभा समेत कई संगठनों के इकट्ठा होने के बाद से पुलिस अलर्ट है। हजरतगंज चौराहे पर पीएसी के साथ कई थानों की पुलिस फोर्स लगाई गई है। मौके पर डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी समेत अन्य अधिकारियों ने मोर्चा संभाल रहे हैं। भारतीय युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवेंद्र शाही को प्रदर्शन से पहले हाउस अरेस्ट किया गया है। करणी सेना के कार्यकर्ताओं के मुताबिक संगठन के 20 से अधिक पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट किया गया है। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अभिषेक सिंह सोनू भी प्रदर्शन की तैयारी में पहुंचे थे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया अटल चौक हजरतगंज में समाजवादी पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान पुलिस से नोकझोंक हुई। हजरतगंज विरोध प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे क्षत्रिय कल्याण सेवा समिति के सदस्य तेज प्रताप सिंह ने कहा राणा सांगा की जयंती मनाने आए लेकिन पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हमारी यही मांग है कि रामजीलाल सुमन माफी मांगें। अखिलेश यादव मुखिया हैं। उनका कर्तव्य है कि सबको साथ लेकर चलें। लेकिन वह कुछ स्पष्ट नहीं कर रहे हैं। पीडीए में ए को साइलेंट क्यों रखा है। डीसीपी सेन्ट्रल आशीष श्रीवास्तव ने कहा आज राणा सांगा की जयंती पर कुछ लोगों के द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट अपलोड की गई थी। इस पोस्ट में हजरतगंज में जयंती मनाने की बात कही गई थी। कुछ लोगों के द्वारा प्रदर्शन की भी बात कही गई थी। पुलिस सभी से बातचीत की, जिसके बाद संगठन के लोगों ने कार्यक्रम स्थगित कर दिया।

### सपा कार्यालय के बाहर लगी होर्डिंग,लिखा-मठाधीश को हाता नहीं भाता है, ब्राह्मणों को सरकार बदलना आता है

**लखनऊ, चसं।** समाजवादी पार्टी के लखनऊ मुख्यालय के बाहर एक नई होर्डिंग ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। पोस्टर में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जिंदाबाद कहते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी गई है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा पोस्टर में लिखे विवादित स्लोगन-मठाधीश को हाता नहीं भाता है, ब्राह्मणों को सरकार बदलना आता है को लेकर है। होल्डिंग में प्रमुखता से विनय शंकर तिवारी की तस्वीर के साथ अमित चौबे, जो खुद को महराजगंज जिले की फरेंदा विधानसभा से जुड़ा बता रहे हैं। साथ ही ऊपर लिखा गया है। मा. अखिलेश यादव जिंदाबाद, श्रद्धेय नेताजी अमर रहें, समाजवादी पार्टी जिंदाबाद। विशेष बात यह है कि होर्डिंग समाजवादी पार्टी मुख्यालय के बाहर लगाई गई है, जिससे इसे पार्टी के आधिकारिक विचार से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, पार्टी की ओर से अभी तक इस पर कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पोस्टर में ब्राह्मणों को लेकर जताई गई भावना आगामी चुनावों में सपा की जातीय रणनीति का हिस्सा हो सकती है। हालांकि, विरोधी दल इसे साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का प्रयास भी बता सकते हैं।

### बंद मकान से 7 लाख के गहने और 3 लाख नकद ले गए चोर

**लखनऊ, चसं।** सरोजनीनगर इलाके में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाया। मकान से 7 लाख रुपए के गहने और 3 लाख रुपए नकद चोरी कर लिए। घटना हाइडिल स्थित सरोजनीनगर पोस्ट ऑफिस के पास की है। मकान मालिक विशाल शर्मा कार चालक हैं। अपनी मां रूपा शर्मा के साथ रहते हैं। मकान की दूसरी मंजिल पर एक किराएदार परिवार रहता है। रूपा शर्मा 7 अप्रैल को बहराइच गई थीं। विशाल 9 अप्रैल की रात 8 बजे घर में ताला लगाकर एक परिवार को नोएडा छोड़ने गए थे। लौटने पर उन्हें घर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा, तो दो अलमारियों के ताले टूटे थे। सारा सामान कमरों में बिखरा था। अलमारियों से सोने-चांदी के गहने और नकदी गायब थी। पुलिस ने रूपा शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

# सम्राट अशोक के पदचिन्हों पर चल रहे हैं पीएम मोदी : केशव

## उप मुख्यमंत्री ने तथागत बुद्ध की प्रतिमा पर चढ़ाया चीवर, की प्रदेशवासियों की कुशल मंगल की कामना

**चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता**



**लखनऊ।** सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस तरह से प्रियदर्शी सम्राट अशोक ने बुद्धम शरणम गच्छामि के बाद अपने साम्राज्य की सीमा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे ठीक वैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सीमा सुरक्षा के लिए काम किया है। उन्होने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव फर्जी पीडीए की बात करते है उनके पीडीए का मतलब है परिवार डेवलपमेंट एजेंसी श्श् । सपा सरकार से परिवार और गुण्डा माफियाओं को छोड किसी का उत्थान नही हुआ।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को कुशीनगर में थे। वह पडरौना नगर के जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण मे राष्ट्रीय कुशवाहा शाक्य सैनी मौर्य महासभा द्वारा सम्राट अशोक के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सम्राट अशोक की तरह पूरी जिम्मेदारी के साथ ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को पूरा कर रहे हैं और लगातार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रयासरत हैं। सम्राट अशोक की न्याय व्यवस्था को देश के प्रधानमंत्री मोदी साकार करते हुए दुनिया को शांति का संदेश भी दे रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मंच से प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमने दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध दिया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में महान अशोक के सुशासन का अनुसरण करने वाला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रुप में देश को मिला है। उन्होने वर्ष 2014 से अब तक तीसरी बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी के कार्यो का बखान करते हुए तमाम योजनाओ व उपलब्धियो को गिनाया। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज से भेदभाव को खत्म करने के लिए सम्राट अशोक के पद चिन्हों पर चलते हुए आगे बढ रहे है, वह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का मंत्र धारण कर हर वर्ग के उत्थान मे जुटे है। डिप्टी सीएम ने विपक्ष को आडे हाथो लेते हुए कहा कि जहां सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकार होती है वहा बिजली आती नही, और जहां भाजपा की सरकार होती है वहा बिजली जाती नही। मौर्य ने सपा के परिवार डेवलपमेंट एजेंसी वाली पीडीए की धज्जियाँ उडाने का आह्वान करते हुए 2027 में उत्तर प्रदेश मे पुनरू भाजपा को भारी बहुमत से सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। इससे पहले सांसद, विधायक ने अपने विचार रखे वही कार्यक्रम के संयोजक नथुनी कुशवाहा ने सभी अथितियो का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व ध्वजारोहण के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन अनूप मिश्रा ने किया।

**ग्राम चौपालों में 4 लाख 93 हजार समस्याओं का हुआ निस्तारण :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल,गांव की समस्या - गांव में समाधान का आयोजन किया जा रहा है। बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है।सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है।

उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहाहै तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का समाधान चौपालों में हो रहा है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण में नये मानकों के अनुरूप नये पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपालो की अहम् भूमिका रहेगी, इन चौपालों में सम्बन्धित ग्राम सभाओं के पात्रों के चयन सर्वे में पारदर्शिता का विधिवत आंकलन भी हो सकेगा।ज्ञातव्य है कि नये पात्र लोगों का चयन 31 मार्च तक किया जाना था, जिसकी समय सीमा बढ़ाकर 30 अप्रैल तक कर दी गयी है।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1181ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 2813प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में कर दिया गया। ग्राम चौपालों मे 2813ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 5137 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालों में 59 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की।

ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि जनवरी 23 से अब तक 1 लाख 34 हजार से अधिक ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका है,जिनमें 89 लाख 68 हजार से अधिक ग्रामवासी मौजूद रहे। 4 लाख 93 हजार से अधिक समस्याओं, प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

### राधा स्वामी सत्संग ब्यास में 10 राज्यों से लोग आए

**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ के राधा स्वामी सत्संग ब्यास में शनिवार सुबह बाबा गुरविंदर सिंह ने प्रवचन किया। इस दौरान उन्होंने अनुयायियों के सवालों के जवाब दिए। सवालों में जीवन, मृत्यु, आत्मा, सेवा और समर्पण जैसे विषयों पर बात की। इस दौरान एक महिला अनुयायी भावुक होकर बोली अब मुझे कुछ नहीं चाहिए। मैं आपके साथ शरीर छोड़ना चाहती हूं। इस पर बाबा गुरविंदर मुस्कराते हुए बोले शरीर छोड़कर मेरे साथ क्यों जाना चाहती हैं। महिला ने जवाब दिया क्योंकि आप हर जगह हैं। आपके साथ जाऊंगी तो दर्शन होते रहेंगे। बाबा ने इस पर कहा कि आत्मा की शुद्धता और जीवन की सामाजिक जिम्मेदारियां भी अहम हैं। लखनऊ में बाबा गुरविंदर सिंह रविवार को भी मोहनलालगंज स्थित राधा स्वामी सत्संग ब्यास में प्रवचन करेंगे। पहले दिन समागम में जैसे ही बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों पंडाल पहुंचे, हजारों अनुयायी उनके दर्शन के लिए खड़े हो गए। कई अनुयायी तो जमीन पर लेटकर दंडवत प्रणाम करते नजर आए। इस दौरान बाबा ने उनसे हालचाल पूछे और मुस्कराकर आशीर्वाद दिए।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर विधायक ओपी श्रीवास्तव ने लाल बहादुर शास्त्री द्वितीय वार्ड में किया प्रवास

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**





**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर राजधानी में चल रहे पखवाड़े के क्रम में शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री, द्वितीय वार्ड संख्या-96 में विधायक ओ. पी. श्रीवास्तव ने प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी द्वारा निर्धारित किये गए कार्यक्रमों में भाग लिया।

इन कार्यक्रमों की रचना में स्वच्छता का अभियान भी था तो आपातकाल एवं राम मन्दिर निर्माण में सहयोग देने वाले कारसेवकों एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, किसी वार्ड में पहुंच कर स्थानीय निवासियों के साथ चौपाल, सरकारी विभाग, अस्पताल, नगर निगम, जलकल आदि विभागों का निरीक्षण, भाजपा बूथ कमेटी के साथ बैठक जैसे कार्यक्रम शामिल थे। कल शनिवार को सुबह 11 बजे से शुरू हुए प्रवास में सबसे पहले विधायक ओपी श्रीवास्तव ने कुर्मांचल नगर में भाजपा कार्यकर्ता के आवास पर बूथ समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सम्बोधित भी किया। यहाँ विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से उन्होंने संवाद भी किया। इसके बाद कुर्मांचल नगर में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क किया एवं उनको भाजपा के पत्रक भी वितरित किये। फिर उन्होंने मानस विहार स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर का स्थलीय निरीक्षण किया। मौके से ही सी. एम. ओ महोदय को फोन कर अस्पताल में नर्सिंग स्टॉफ की कमी की पूर्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुर्मांचल नगर स्थित हनुमान वाटिका मन्दिर, मानस विहार में स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।विधायक ने शक्ति नगर स्थित श्री सुनील कुमार जी के आवास पर क्षेत्रीय निवासियों के साथ चौपाल की। भाजपा की स्थापना से लेकर वर्तमान तक के राजनैतिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया एवं उनको भाजपा शासन के 8 वर्षों में प्रदेश में किये गये ऐतिहासिक कार्यों की पुस्तक एवं पत्रक भी वितरित किये। कार्यक्रम में पार्षद भूपेंद्र शर्मा, अर्जुन, मंडल अध्यक्ष रीना चौरसिया, भाजपा के मंडल महामंत्री संदीप पाठक, भाजपा कार्यकर्ता शशांक शेखर गोल्डी, देवेश उपाध्याय देवा, पूर्व पार्षद मनोज अवस्थी, संत शरण वर्मा समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस पखवाड़ा के क्रम में शक्ति नगर स्थित कुकरैल नाले पर बने बाढ़ पंपिंग स्टेशन, बैरल नंबर 3 का स्थलीय निरीक्षण किया एवं स्थानीय निवासियों की समस्याएं सुनी। पार्षद भूपेंद्र शर्मा द्वारा नाला सफाई में आ रही समस्याओं से विधायक को अवगत कराया।

## लखनऊ में सीवर सफाई को मिली नई तकनीकी ताकत महापौर खर्कवाल ने किया सुपर शकर मशीन का शुभारम्भ

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**



**लखनऊ।** शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने कठौता स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कठौता एवं भरवारा झीलों की सिल्ट सफाई कार्य का विधिवत शुभारंभ किया।

इसी अवसर पर लखनऊ शहर की सीवर सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से सुएज इंडिया द्वारा लाई गई अत्याधुनिक 'सुपर शकर मशीन' का भी शुभारंभ किया गया। इस मशीन में उच्च तकनीक का समावेश है, जो सीवर लाइनों की गहराई में जाकर जमी हुई गंदगी एवं रुकावटों को तीव्र गति से साफ करने में सक्षम है। इससे सफाईकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और मानसून के समय जलभराव जैसी समस्याओं से काफी राहत मिलेगी। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहारूष्नगर निगम का निरंतर प्रयास है कि लखनऊवासियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए। सुपर शकर मशीन के माध्यम से हम सीवर सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली और सुरक्षित बना पाएंगे। भविष्य में भी अत्याधुनिक तकनीक के उपकरण शामिल किए जाएंगे, जिससे नगर की सफाई व्यवस्था और अधिक सशक्त हो सके। सुएज इंडिया के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने बताया कि यह पहल 'स्वच्छ लखनऊ, सुंदर लखनऊ' अभियान के अंतर्गत की गई है। उन्होंने कहा कि सुएज इंडिया लखनऊ में सीवर सफाई को लेकर प्रतिबद्ध है और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से इस व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जलकल विभाग के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री ललित कुमार, तथा सुएज इंडिया से धर्मेंद्र भारती, मयंक कुमार, संजय सिंह, सुमित सिंह, पंकज सिंह, उत्कर्ष सक्सेना, एवं अक्षत सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## वक्फपर संसद में नेता प्रतिपक्ष की चुप्पी से मुस्लिम समाज आक्रोशित

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

● **मायावती ने सोशल मीडिया पर भाजप को घेरा**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ कानून को लेकर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के दौरान वक्फ बिल पर जिस तरह चुप्पी नेता प्रतिपक्ष ने साध रखी थी, इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश है।

बसपा मुखिया मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि वक्फ संशोधन बिल पर लोकसभा में हुई लंबी चर्चा में नेता प्रतिपक्ष द्वारा कुछ नहीं बोलना, अर्थात सीएए की तरह संविधान उल्लंघन का मामला होने के विपक्ष के आरोप के बावजूद इनका चुप्पी साधे रहना क्या उचित है? इसे लेकर मुस्लिम समाज में आक्रोश और इनके इंडी गठबंधन में भी बेचौनी स्वाभाविक है। उन्होंने आगे कहा कि वैसे भी देश में बहुजनों के हित, कल्याण एवं सरकारी नौकरी व शिक्षा आदि में इन वर्गों के आरक्षण के अधिकार को निष्प्रभावी व निष्क्रिय बनाकर उन्हें वंचित बनाए रखने के मामले में कांग्रेस, भाजपा आदि ये पार्टियां बराबर की दोषी हैं। धार्मिक अल्पसंख्यकों को भी इनके छलावे से बचना जरूरी है। मायावती ने कहा कि इनके ऐसे रवैयों के कारण उत्तर प्रदेश में भी बहुजनों की स्थिति हर मामले में काफी बदहाल व त्रस्त है जबकि भाजपाइयों को कानून हाथ में लेने की छूट है। साथ ही, बिजली व अन्य सरकारी विभागों में बढ़ते हुए निजीकरण से हालात चिंतनीय हैं। सरकार जनकल्याण का संवैधानिक दायित्व सही से निभाए।

## इंदिरा नगर में व्यापारी संगोष्ठी व गठन बैठक का आयोजन



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** शनिवार उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में मानस विहार ,इंदिरा नगर के सिटी कॉम्पलेक्स में व्यापारी संगोष्ठी एवं गठन बैठक का आयोजन हुआ। व्यापारी संगोष्ठी एवं गठन बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप मे संगोष्ठी को संबोधित किया व्यापारी संगोष्ठी एवं गठन बैठक में बड़ी संख्या में मानस विहार, इंदिरानगर, सुगामऊ रोड के व्यापारी उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल से जुड़े तथा अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल मानस विहार ,इंदिरा नगरष् इकाई का गठन किया। नवगठित इकाई में गौतम सिंह को अध्यक्ष, सर्वेश सचान को महामंत्री ,गोरव बोस को कोषाध्यक्ष , इंद्र देव तनेजा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्णिमा सक्सेना, मीता मेहरोत्रा, अजीता सिंह को उपाध्यक्ष, शुभांग श्रीवास्तव को संगठन मंत्री, शशि सिंह को विधि सलाहकार तथा नीलेश शुक्ला ,शंकर सोनी, हीरा सिंह, सोरभ को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। व्यापारी संगोष्ठी एवं गठन बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा व्यापार के क्षेत्र में उन्नति की असीम संभावनाएं हैं वर्तमान में व्यापार के क्षेत्र में कुछ चुनौतियां हैं लेकिन लगातार काम करने से सभी चुनौतियों का समाधान भी संभव है। उन्होंने कहा आत्मविश्वास दुनिया की सबसे बड़ी पूँजी है, आत्मविश्वास के बल पर कोई भी कार्य किया जा सकता है। व्यापारियों का उत्साहवर्धन करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा बड़े से बड़े व्यापार का रोड मैप बनाए, आदर्श व्यापार मण्डल हर प्रकार का सहयोग करेगा उन्होंने कहा संगठन ई कॉमर्स प्लेटफार्म पर व्यापारियों को लाने के लिए भी तैयारी कर रहा है तथा व्यापारियों को अपने व्यापार के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता होगी तो भी संगठन उसमें बैंकों के माध्यम से सहयोग कराएगा। अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा आदर्श व्यापार मंडल व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और लगातार करता रहेगा।

उन्होंने कहा व्यापारियों को संगठन को लगातार मजबूत करने की आवश्यकता है जितना अधिक संगठन मजबूत होगा उतना व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने में संगठन को भी सुगमता होगी। व्यापारी संगोष्ठी एवं गठन बैठक में संगठन के नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ,ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, नगर वशिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, दीपक सिंह चौहान, अंशू श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र साहू, प्रवीण मिश्रा, एवं मंगलेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## डा. हरिओम की आवाज पर झूमे कर्मचारी श्रोता

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित होली मिलन एवं नवरात्रि समागम का भव्य आयोजन उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन सभागार, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर अलीगंज लखनऊ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सांस्कृतिक आयोजन में उत्तर प्रदेश समस्त जिलों के पदाधिकारियो सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके उपरांत फूलों की होली सहित मधुर गीतों की संगीतमय प्रस्तुति जैसी विविध गतिविधियाँ संपन्न हुई।

● **होली मिलन, नवरात्रि समागम में रंग संस्कृति का अनुपम आयोजन**

मुख्य अतिथि डॉक्टर हरिओम, प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में समस्त उपस्थित पदाधिकारियों को उत्साह के साथ ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से कार्यक्षेत्र में सजग रहने हेतु प्रोत्साहित करते हुए कर्मचारियों के अधिकार संरक्षण हेतु आश्वासित किया। मुख्य अतिथि महोदय द्वारा अपनी स्वरचित गजल के माध्यम से इस आयोजन को एक अनूठा आयाम प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर हरी किशोर तिवारी ने अपने संबोधन में समस्त उपस्थित पदाधिकारियों को इस कार्यक्रम हेतु बधाई देते हुए प्रमुख सचिव के माध्यम से इस विभाग को नए आयाम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद् के महामंत्री शिव बरन सिंह यादव ने अपने वक्तव्य में सभी पदाधिकारियों को एक सफल आयोजन की बधाई दी गयी।

इस कार्यक्रम में परिषद् से सम्बद्ध अन्य विभागों के पदाधिकारियों यथा दिवाकर राय,एन डी द्विवेदी, अविनाश श्रीवास्तव, पी. के. मिश्रा, धर्मेन्द्र सिंह, श्रीमती अमिता त्रिपाठी, सुभाष चन्द्र तिवारी, सुजीत कुमार, विमल सिंह, श्रीमती अदिति मौर्या, राघवेन्द्र गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। संपूर्ण आयोजन में भाईचारा और उत्सव का वातावरण देखने को मिला। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने विशेष रूप से प्रतिभाग कर आयोजन को रंग-बिरंगा बना दिया।उत्तर प्रदेश प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरिओम चौधरी ने सभी अतिथियों, सहयोगियों और आयोजक मंडल सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

इस कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये पदाधिकारी यथा शिवचंद राम, श्री रोहतास, अमित शुक्ला, पुष्पेन्द्र गुर्जर, शिव प्रताप, श्री आशुतोष, संत राम पटेल, राकेश कुमार सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल सञ्चालन संघ के महामंत्री विवेक कुमार द्वारा किया गया।

हिन्दी दैनिक चर्चित राजनीति
लखनऊ, रविवार 13 अप्रैल, 2025
www.charchitrajnit.com



हर नागरिक की यह मुख्य जिम्मेदारी है कि वह महसूस करे कि उसका देश स्वतंत्र है और अपने स्वतंत्रता देश की रक्षा करना उसका कर्तव्य है, आपकी भलाई आपके रास्ते में बाधा है, इसलिए अपनी आंखों को गुस्से से लाल होने दें, और अन्याय के साथ मजबूती से लड़ने की कोशिश करें : सरदार वल्लभ भाई पटेल

## संपादकीय

### बड़ी कूटनीतिक जीत

लगभग डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26४11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई। वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी। हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफइशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफमुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफसंदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की ओट में बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड कोलमैन हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया।

# बदहाल हैं, यम की बहन यमुना

**प्रयागराज के पूर्णकुम्भ में यमुनोत्री से शुरू हुई पावन यमुना के कष्टों को कम करने का ईमानदार संकल्प संगम तट पर पहुंचा हर श्रद्धालु ले लेता तो यमुना का रूग्ण, मृतप्राय होना कुछ कम होता। कई मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री व राष्ट्रपति महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचे थे। आलीशान शिविर संचालित करने वाले मठाधीशों की संख्या भी कम नहीं थी। अब भी केवल आरतियों के मंहगे तमाशों से बाहर निकलकर वे ही ठोस कुछ करने लगें तो कम न होगा। यमुना की वेदनामयी हालत देखकर तो यही लगता है कि जगह-जगह, चाहे पूर्वोत्तर हो या मध्यप्रदेश, नमामि गंगा के बाद विभिन्न राज्यों में अपनी-अपनी नदियों को नमामि कहना औपचारिकता भर है।**

प्रयागराज का महाकुभ हमें मौका दे रहा था कि पवित्र, पूज्य यमुना नदी को शुध्दजल से पोषित नदी बनाने पर वाक्युद्ध समाप्त कर कर्मयुद्ध का प्रारंभ होता। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान यमुना प्रदूषण पर राजनैतिक बयानबाजियों की शुरूआत हुई थी। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा छठ पूजा पर रोक के आदेश और फिर यमुना को हरियाणा से जहरीली बनाकर भेजा जा रहा है- जैसे आरोपों का द्वंद्व चुनाव आयोग व न्यायालयों तक भी पहुंच गया था। चुनौतियां दिल्ली में यमुना जल पीकर दिखाने तक पर आ गई थी। अंततः चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में दिल्ली पहुंचे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ का प्रसंग छेड़ दिया था। चुनौती भरे लहजे में उनका कहना था कि जैसे महाकुंभ में उन्होंने अपने मंत्रीमण्डलीय सहयोगियों के साथ संगम में डुबकी लगाई थी, क्या वैसे अरविंद केजरीवाल और दिल्ली राज्य की आप कैबिनेट कर सकती है? महाकुंभ तो समाप्त हो गया, लेकिन उत्तरप्रदेश सरकार भविष्य के लिये इस लक्ष्य को अपनी चुनौती बना सकती है कि यमुना को प्रयागराज पहुंचने के पहले पूरी तरह से प्रदूषण-मुक्त कर, उसमें यमुनोत्री से चले मूल जल की मात्रा बढ़ाकर, श्रद्धालुओं की डुबकी के लिये इंतजाम कर दिखायेंगे। जिस दिल्ली में यमुना के प्रदूषण पर मुख्यमंत्री योगी दिल्ली के चुनावी दंगल में चुनौती दे रहे थे, उस दिल्ली में यमुनोत्री से चला दस प्रतिशत भी जल उसमें नहीं रहता। नब्बे प्रतिशत से ज्यादा जल राह में निकाल लिया जाता है। इसलिये समझ लें कि यमुना, जो दिल्ली के आगे आगरा, मथुरा और संगम तक भरी-पूरी दिख रही है, उसका बहुत बड़ा अंश अनुपचारित-उपचारित सीवर जल का ही होगी। आम जन यमुना की पीड़ा व उसके दम तोड़ने को उसमें बहते कूड़े-कचरे, उठते झागों में ही नहीं देख सकता, बल्कि यमुनोत्री में धवलता, शुभ्रता की शुरूआत लिये यमुना को सहारनपुर जिले से इलाहाबाद तक की 1370 किमी की दूरी में पीली, काली, भूरी होते भी देख सकता है। प्रयागराज प्रवेश के पहले भी यमुना प्रदूषण-जनित धूसरित कालिमा लिये होती है। वर्तमान में तो यमुना देश की सर्वाधिक प्रदूषित नदियों में से एक है। संवेदित जन, संवेदित संत, संवेदित राजनेता, संगम में डुबकी लगाने वाले करोड़ों आम लोग प्रदूषण-मुक्त या न्यूनतम प्रदूषण ढोती यमुना को संगम में पहुंचाने के लिये संकल्पित हो जाते तो दिल्ली में भी यमुना की दशा सुधरने में मदद मिल जाती। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के महाकुंभ में निर्देश के पीछे उसके तत्कालीन अध्यक्ष जस्टिस एके गोयल की यह तीखी टिप्पणी भी है कि जो अनजान, भोले श्रद्धालु बहुत आदर भाव से गंगाजल में नहाते हैं व उसे पीते हैं, वे इससे होने वाले स्वास्थ्य के खतरों से अनभिज्ञ होते हैं। अब आवश्यकता है कि धूम्रपान के खतरों से बचाने के लिए सिगरेट के पैकेटों पर छपी चेतावनियों की ही तरह गंगाजल के उपयोग के खतरों की चेतावनियां देकर आमजन के जीवन के अधिकार को सुरक्षित किया जाये। तब गंगा सफाई के राष्ट्रीय मिशन और श्केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्डश् को भी दो सप्ताहों के भीतर अपनी-अपनी वेबसाइटों पर प्रमुखता से यह दिखाने के लिए कहा गया था कि किन-किन स्थानों पर गंगाजल नहाने व पीने के लिए ठीक है, कहां नहीं। कुंभ समाप्ति के बाद भी नदी जल की शुद्धता सवालों के घेरे में रही है, किन्तु ऐसा भी नहीं है कि नदियों, सरोवरों के प्रदूषित होने की चेतावनियों के बाद आस्थावान इनमें डुबकी न लगायें या आचमन करने का जोखिम न उठायें। खतरनाक प्रदूषित यमुना में डुबकी लगाने व आचमन करने का जोखिम श्रद्धालु निरंतर सालों से उठा रहे हैं। दिल्ली में ही श्छठ पूजाश् में महिलायें यमुना के झाग में नहा रही थीं। इसकी तस्वीरें दिखाकर दिल्ली के मुख्य सचिव को काफी कुछ सुनाया भी गया था। आस्था बहुत बड़ी बात है इसीलिये कहीं भी धार्मिक पर्वों व अनुष्ठानों में डुबकी लगाने की चुनौती देना बहुत अर्थ नहीं रखता है।



यमुना की राह में पड़ने वाले हर नगर की कहानी व समस्या एक जैसी है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लान्ट (एसटीपी) क्षमता भर काम नहीं करते हैं। नगरों, महानगरों, गांवों, कस्बों में जितना अपशिष्ट पैदा होता है वह सब एसटीपी में नहीं पहुंचता। प्रयागराज में ही महाकुंभ के पहले 81 नालों से करीब 290 मिलियन लीटर अपशिष्ट प्रतिदिन बहता था, किन्तु इसका केवल 178 मिलियन लीटर प्रतिदिन दस एसटीपी में जाता था। 81 में से 44 नाले गंगा में 74 मिलियन लीटर सीवरेज डाल रहे थे। यह यमुना की अस्मिता को चोट पहुंचाना ही हुआ। गंगा, यमुना जैसी पवित्र नदियों से हमारा व्यवहार अमानवीय है, इसकी ही स्वीकारोक्ति नैनीताल हाईकोर्ट के 20 मार्च 2017 के एक ऐतिहासिक आदेश में की गई थी। अदालत ने कहा था कि गंगा, यमुना को जीवित मानकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी कतिपय अधिकारियों को दी जाय। हालांकि इस आदेश के विरूद्ध केन्द्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय में गई और पहले तात्कालिक रूप से आदेश स्थगित किया गया व बाद में निरस्त कर दिया गया। प्रयागराज के पूर्णकुंभ में यमुनोत्री से शुरू हुई पावन यमुना के कष्टों को कम करने का ईमानदार संकल्प संगम तट पर पहुंचा हर श्रद्धालु ले लेता तो यमुना का रूग्ण, मृतप्राय होना कुछ कम होता। कई मुख्यमंत्री, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री व राष्ट्रपति महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचे थे। आलीशान शिविर संचालित करने वाले मठाधीशों की संख्या भी कम नहीं थी। अब भी केवल आरतियों के मंहगे तमाशों से बाहर निकलकर वे ही ठोस कुछ करने लगें तो कम न होगा। यमुना की वेदनामयी हालत देखकर तो यही लगता है कि जगह-जगह, चाहे पूर्वोत्तर हो या मध्यप्रदेश, नमामि गंगा के बाद विभिन्न राज्यों में अपनी-अपनी नदियों को नमामि कहना औपचारिकता भर है। इस महाकुंभ के बाद वैज्ञानिकों द्वारा पारिस्थितिकीय आंकलन होना चाहिये कि दो महिनों से ज्यादा समय में तैयारियां, जिसमें पैतालीस दिनों तक करोड़ों लोगों का आना-जाना, वाहनों का चलना, तम्बुओं के लगने से यदि पारिस्थितिकीय हानि हुई है तो उसकी भरपाई के लिये क्या परियोजनायें चलाई जानी चाहिये। याद करें, 11-13 मार्च 2016 में श्री श्री रविशंकर के आर्ट ऑफलिविंग का विश्व-सम्मेलन दिल्ली में यमुना के किनारे हुआ था उससे यमुना तट पर हुये नुकसान के लिये एनजीटी को विशेषज्ञ समिति ने बताया था कि बर्बाद तट के पुनर्वास पर लगभग 13 करोड़ 29 लाख रूपये और कम-से-कम दस साल लगेंगे।

**:: एजेंसी**

# टैरिफ युद्ध ट्रम्प की नीयत में खोट

ट्रम्प ने 3 अप्रैल को जो टैरिफयुद्ध छेड़ा है उसके माध्यम से अमेरिका वैश्विक व्यवस्था से बाहर निकल रहा है जिसे अब वह पागलपन के रूप में देखता है। भले ही यह वही प्रणाली है जिसे अमेरिका ने बनाया और चलाया क्योंकि इसने वैश्वीकरण के आख्यान को तत्कालीन नए विकास मंत्र के रूप में देखा और आगे बढ़ाया था। ट्रम्प ने अब काल्पनिक रूप से गणना की गई संख्याओं का एक नया सेट रखा है जो निश्चित रूप से तनाव बढ़ाएगा। कुछ लोगों का मानना है कि आज हम जिस बदसूरत अमेरिका को देख रहे हैं, वह बदलाव का एक चरण है जिसके कारण दुनिया कठिन दौर में आ गई है क्योंकि अमेरिका ने खराब सोच, अनैतिक और संदिग्ध व्यावसायिक कौशल वाले एक गलत नेता को चुना है। अमेरिकी नीति में बनावटी बदलावों को किसी व्यक्ति के नखरे या वास्तव में एक निक्सनियन मैडमैन थ्योरी (मोटे तौर पर तर्कहीन रणनीति के रूप में) को देखने के लिए, अमेरिकी समाज में गहरी दरारों को याद करता है जो वैश्वीकरण की दीर्घकालीन मदहोशी से बढ़ते तनाव के साथ जुड़ा हुआ है। वैश्वीकरण के कई अर्थ और परिभाषाएं हैं लेकिन पिछले चार दशकों या उसके आसपास के लेंस से देखा जाए तो यह थॉमस फ्रीडमैन की पुस्तक फ्लैट वर्ल्ड की धारणाओं को एक वैश्वीकृत दुनिया के वादे के रूप में प्रस्तुत किया गया है जिसमें अमेरिका स्थित एकाउंटेंट जो एक रिमोट केंद्र से काम करने वाले भारतीय के हाथों वेतन में मामूली से अंतर के कारण अपनी नौकरी खो देता है। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पिछले महीने एक टेक समिट में 2016 में सिलिकॉन वैली में एक मल्टीबिलियन-डॉलर टेक कंपनी के सीईओ के साथ हुई बातचीत का जिक्र करते हुए यही सवाल उठाया था। वेंस ने पूछा- आय में हो रही हानि को भूल जाओ लेकिन उद्देश्य की भावना के नुकसान की भरपाई कैसे होगी, गरिमा की हानि की भरपाई कैसी होगी? फिर वेंस ने सीईओ से मिले जवाब को उद्धृत किया-डिजिटल, पूरी तरह से इमर्सिव गेमिंग्य! वेंस ने कहा कि बैठक में उनके साथ उनकी पत्नी थीं उसने टिप्पणी की, श्हमें यहां से निकलना होगा। ये लोग पागल हैं। ट्रम्प ने 3 अप्रैल को जो टैरिफयुद्ध छेड़ा है उसके माध्यम से अमेरिका वैश्विक व्यवस्था से बाहर निकल रहा है जिसे अब वह श्पागलपनश् के रूप में देखता है। भले ही यह वही प्रणाली है जिसे अमेरिका ने बनाया और चलाया क्योंकि इसने वैश्वीकरण के आख्यान को तत्कालीन नए विकास मंत्र के रूप में देखा और आगे बढ़ाया था। ट्रम्प ने अब काल्पनिक रूप से गणना की गई संख्याओं का एक नया सेट रखा है जो निश्चित रूप से तनाव बढ़ाएगा, वैश्विक व्यापार को मार देगा और विश्व व्यापार संगठन के अंत का संकेत देगा। दर्द का असर विश्वव्यापी होगा लेकिन इसकी जड़ें अमेरिका के बदलते

**अमेरिका में छात्र आंदोलन और अन्य राजनीतिक ताकतें चुप हैं, उन्हें विरोध में खड़े होना मुश्किल लगता है। फ्रीडमैनाइट विचार के लिए सरकार के नेतृत्व में ऊपर से नीचे तक का नियंत्रण घिनौना है। इनमें से कुछ बिन्दु पतन के लिए तैयार इस प्रणाली की संरचनात्मक विसंगतियों की ओर इशारा करते हैं जो सही समय या परिस्थितियों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। तर्क दिया जा सकता है कि पूंजीवाद ने अपना रास्ता खो दिया है और यह उसी देश में है जो पूंजीवाद का सबसे बड़ा समर्थक है।**

सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में हैं। बंद हो रहे कारखानों, छंटनी के बार-बार आने वाले दौर, बढ़ती उपभोक्तावादी संस्कृति, आक्रामक, यहां तक कि अनुचित दखलदांजी करने वाली मार्केटिंग प्रणाली, ट्रेड यूनियनों और सामान्य रूप से श्रमिकों की आवाज का कमजोर होना तथा अमेरिका के कॉर्पोरेट क्षेत्र की भारी शक्ति ने एक साथ योगदान दिया है जिसकी वजह से एक ऐसी स्थिति बन गयी है जिसे अब वैश्वीकरण और उसके सहयोगी आउटसोर्सिंग बूम की बीमारियों के लिए दोषी ठहराया जा रहा है। फिर भी ट्रम्पवाद यह नहीं देखेगा या नहीं देख सकता है कि वैश्वीकरण पूंजीवाद के विस्तार से अलग नहीं हुआ है और वास्तव में पूंजीवाद के विस्तार से ज्यादा कुछ नहीं है। आखिरकार यह एक ऐसी प्रणाली है जो सबसे कम मजदूरी के लिए जानी जाती है और अधिकतम लाभ की प्राप्ति की नीति के अनुसार चलती है। भले ही यह श्रमिकों के जीवन की कीमत पर हो। उदाहरण के लिए, चीन में कई लोगों ने एप्पल के लिए चलाए जा रहे आई-फोन असेंबली प्लांट्स में मजदूरी पर काम करते हुए आत्महत्या कर ली है। उनके काम की जो परिस्थितियां हैं वे अमेरिका में अपराध हैं। उपरोक्त उदाहरण आईसबर्ग का दिखाई देने वाला ऊपरी सिरा है। ऐसी कई ज्यादातियां है जिनसे दुनिया अनजान है।

उक्त उदाहरण मिल्टन फ्रीडमैन की सच्ची भावना को बताता है जिन्होंने 13 सितंबर, 1970 को लिखा था-एक व्यवसाय की सामाजिक जिम्मेदारी अपने मुनाफे को बढ़ाना है। वह बिना किसी जिम्मेदार व्यवहार के एक शेयरधारक मूल्य का पीछा करते हुए पूंजीवाद के विचार को वैध बनाकर व्यापार के लिए मुनाफे की दौड़ में शामिल होने के लिए स्वतंत्र है। आज की पीड़ादायक प्रकृति पर विचार करें- क) 2019 में कॉर्पोरेट अमेरिका ने औपचारिक रूप से फ्रीडमैन सिद्धांत को खारिज कर दिया (2019 बिजनेस राउंडटेबल में 181 शीर्ष वैश्विक सीईओ ने शेयरधारक प्रधानता को खारिज करते हुए व्यापार निगम के एक नए उद्देश्य पर हस्ताक्षर किए), ख) डीईआई सिद्धांतों (विविधता, इक्विटी, समावेशिता) और ग) पृथ्वी और पृथ्वीवासियों (श्पृथ्वी -पृथ्वीवासी- लाभश् का दिखावा) के लिए खड़े होने की मांग की लेकिन ड) वह विश्व के दूरदराज हिस्सों से अनुबंधों के साथ श्रम लागत को कम करने के पक्ष में खड़ा होगा, जो वैश्वीकरण है और प्रभावी रूप से फ्रीडमैन के सिद्धांत के अनुसार-काम पर अधिकतम मुनाफा कमाना उद्देश्य है। ऐसा लग रहा था कि फ्रीडमैन मारा गया लेकिन फ्रीडमैन का सिद्धांत फल-फूल रहा है! यह मैश अप पूरा हो गया है जब ट्रम्प, व्यवसायों को अ) डीईआई को अस्वीकार करने के लिए कहता है, आ) डंप स्थिरता और इ) करों को तेज गति से कम कर मुनाफे का जश्न मनाते हैं लेकिन ई) अमेरिका को महान बनाने के मिशन पर काम करता है जो फ्रीडमैन मुनाफे पर दिशाहीन फोकस से बहुत अलग है। यह एक प्रकार से फ्रीडमैन की भौंडी नकल है जो न यहां की है और न ही वहां की है। इसके विचार सीमा पर ही खंडित हो जाते हैं, सत्ता केंद्रीकृत और शक्तिशाली होती है जबकि राज्य को प्रभावी ढंग से भंग किया जा रहा है। असहमति जाहिर करने वाली आवाजों को खामोश कर दिया जाता है।

**:: एजेंसी**

# कण-कण में नेता का वास

ऐसा माना जाता है कि ईश्वर इस धरती के कण-कण में वास करते हैं। लेकिन हम भारतवासी बहुत भाग्यशाली हैं कि ईश्वर के साथ-साथ हमारे देश के कण-कण में नेता भी वास करते हैं। ईश्वर साक्षात दिखता नहीं है। लेकिन नेता साक्षात दिखता है। हर योजना में दिखता है, हर घोटाले में दिखता है, हर लफड़े में दिखता है, हर फाइल में दिखता है, हर हस्ताक्षर में दिखता है, हर सौदे में दिखता है, हर डील में दिखता है,



कपड़ों में दिखता है, कपड़ों से बाहर दिखता है, नेत्रियों के साथ दिखता है, अभिनेत्रियों के साथ दिखता है, दंगों में दिखता है, शांति रैलियों में दिखता है, बाढ़ में दिखता है, सूखे में दिखता है। कहां-कहां नहीं दिखता नेता? दिन में दिखता है, रात में दिखता है। और तो और, सपने में भी दिखता है! यह देश नेतामय है। नेता के बिना किसी की गति नहीं है। नेता है तो अपराधी हैं। नेता है तो फरियादी हैं। फरियादी और अपराधी भी हर भेस में हैं। नेता जी भी हर भेस में हैं। जनसेवक में भी नेताजी की झलक मिलती है, डाकू में भी नेता जी के दर्शन हो जाते हैं, अभिनेताओं और मदारियों में भी नेता मिल जाते हैं, अफसरों में भी नेता समाये रहते हैं। रसिकों की लाइन में भी नेता दिख जाते हैं। नेता लोग कहां-कहां नहीं हैं? हमाम में घुसो तो वहां नेता। हवालात में जाओ तो वहां नेता। डांस बार में जाओ तो वहां नेता। दारू की भट्ठी तक जाओ तो वहां भी नेता। दफ्तर में घुसो तो वहां नेता। ठेके में घुसो तो वहां नेता। अंदर नेता। बाहर नेता। खुले में नेता, बंद कमरे में नेता। हर भेस में नेता। जहां-जहां स्कोप है, वहां-वहां नेता। इस मुल्क में आखिर कहां-कहां नहीं हैं नेता। शास्त्रों में कहा गया है- 'न जाने केहि भेस में परमात्मा मिलि जाय।' खाकसार कहता है, 'न जाने केहि भेस में कोई नेता मिलि जाय!' किसी शायर ने कहा है, 'हर आदमी में होते हैं दस-बीस आदमी, जिसको भी देखना, बार-बार देखना।' इसी शेयर की तर्ज पर यह कहा जा सकता है- 'हर भेस में होते हैं दस-बीस नेता, जिसको भी देखना, बार-बार देखना।' नेता फरियादियों के बीच भी हैं और अपराधियों के बीच भी। अपराधी अपनी फरियाद लेकर नेता के पास जाता है और नेता अपनी फरियाद लेकर हाईकमान के पास जाता है। हाईकमान नेता को हड़काता है और नेता सबको हड़काता है। पुलिस को भी, ब्यूरोक्रेसी को भी और पब्लिक को भी। नेता किस किस को नहीं हड़काता? पुलिस पैसे खाती है, नेता भी पैसे खाता है। लेकिन पुलिस चारा नहीं खाती, नेता चारा भी खा जाता है। नेता बहुरूपिया है। वह योगी भी है और भोगी भी। सफेद कपड़ों में भी मिल सकता है और काले कपड़ों में भी। माला फेरते भी मिल सकता है और दाना डालते भी। वह लुटेरे के भेस में भी मिल सकता है और भिखारी के भेस में भी। वह डुगडुगी बजाता भी मिल सकता है और बैंड बजाता भी। नेता के भेस अनंत हैं। कारनामे भी अनंत हैं। महिमा भी अनंत है। नेता रुपए को डॉलर में तब्दील कर सकता है और वोट को दारू की बोतल में। नेता बहुत बड़ा जादूगर है। वह पलक झपकते ही नोटों से भरे ब्रीफकेस गायब कर देता है। योजनाओं और परियोजनाओं का पैसा गायब कर देता है। जांच एजेंसियों की रिपोर्ट गायब कर देता है। नेता को कोई नहीं समझ सकता। उसकी वास्तविक पत्नी भी नहीं। नेता सबसे बड़ा जादूगर होता है। नेता कभी हाथ जोडने की मुद्रा में होता है तो कभी विरोधी की टांग तोडने की। नेता की अनेक मुद्राएं हैं, अनेक रूप हैं, अनेक चेहरे हैं, अनेक करैक्टर हैं। इसलिए साधो! जिससे भी मिलो झुक-झुक कर मिलो। हो सके तो उसके चरण भी छू लो। चरणों की धूल माथे पर लगा लो। 'न जाने केहि भेस में कोई नेता मिलि जाय और नेता मिलि जाए तो किस्मत संवर जाए!'

# बलूचिस्तान का तीर्थ हिंगलाज धाम

चैत्र-बैशाख का मास हो और हिंगलाज देवी तीर्थ स्थल की चर्चा न हो, यह संभव नहीं है। बलूचिस्तान में लासबेला कभी रियासत हुआ करती थी। लास का अर्थ है समतल मैदान और बेला का अर्थ है जंगल। लेकिन अब यह रियासत बलोचिस्तान का ही हिस्सा है। इसमें कोई शक नहीं कि यह समतल भी है और यहां जंगल भी है। लेकिन जहां जंगल होगा, वहां पहाड़ भी होना चाहिए। सचमुच यहां पहाड़ भी है। दरअसल बलोचिस्तान में मकरान के विशाल मरुस्थल में खेरथार पर्वत श्रंखला सभी को आकर्षित करती है। यह सारा क्षेत्र सिंध प्रदेश से जुड़ा हुआ है। इस खेरथार पर्वत श्रंखला के अंतिम चरण में शिखर पर सप्तसिन्धु क्षेत्र का ऐतिहासिक तीर्थ धाम स्थित है।

इसी पर्वत के चरणों मे हिंगोल नदी बहती है। वैसे हिंगोल का अर्थ लाल होता है। यह तीर्थ धाम सिन्ध प्रदेश की राजधानी कराची से लगभग 250 किलोमीटर, ग्वादर से 125 किलोमीटर की दूरी पर है। वैसे कहा जा सकता है कि अरब सागर इस तीर्थ क्षेत्र के चरण पखारता है क्योंकि अरब सागर इससे केवल बीस किलोमीटर दूर है। इस तीर्थ धाम में अनेक ऐतिहासिक मंदिर स्थित हैं, लेकिन इस इतिहास का आरंभ होता है हिंगलाज माता के मंदिर से। पहाड़ की अनेक गुफाओं में से एक गुफा में हिंगलाज माता पिंडी रूप में विद्यमान हैं। हिंगलाज देवी का यह मंदिर बावन शक्तिपीठों में से एक है। देश भर में फैले सती के बावन शक्तिपीठों में से एक बलूचिस्तान

**हिंगलाज तीर्थस्थल एक प्रकार से यह देव स्थल है। पहाड़ों के शिखरों को देख कर कुछ लोग इन्हें मिट्टी की ज्वालामुखियों से निर्मित भी मानते हैं। यहां की चन्द्र गुफा में ही माता विद्यमान है। लेकिन धीरे धीरे इस तीर्थ स्थल का तो क्या, पूरे सप्त सिन्धु क्षेत्र का ही परिदृश्य बदलने लगा। सातवीं शताब्दी में जब अरब क्षेत्र में इस्लाम पंथ का उदय हुआ तो उसका प्रभाव अफगानिस्तान तक भी पहुंचा।**

में स्थित है और दूसरा सिन्ध प्रदेश में कराची में स्थित है। सती के इन बावन शक्तिपीठों का इतिहास अफगानिस्तान से लेकर कन्याकुमारी तक जन स्मृतियों का सनातन हिस्सा है। इसलिए सबसे पहले इस इतिहास की चर्चा। दक्ष प्रजापति अपने समय के महाप्रतापी राजा थे। उनकी पुत्री सती ने पिता की इच्छा के विपरीत शंकर से विवाह किया था। इसलिए प्रजापति ने अपनी पुत्री और दामाद से सभी संबंध तोड़ लिए थे। एक बार प्रजापति ने यज्ञ का आयोजन किया था। उसमें उसने सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन अपने दामाद और पुत्री सती को निमंत्रण नहीं भेजा। महर्षि नारद घूमते हुए आए तो उन्होंने सती को बताया कि उसके पिता बहुत बड़ा यज्ञ कर रहे हैं। तब सती ने अपने पिता के इस यज्ञ में जाने का निर्णय कर लिया। शिव ने समझाया कि बिना निमंत्रण के कहीं जाना सम्मानजनक नहीं होता। लेकिन सती का तर्क था कि पिता के घर जाने के लिए भला पुत्री को निमंत्रण की आवश्यकता होती है? शिव के रोकने के बावजूद सती अपने पिता के इस यज्ञ समारोह में पहुंच गई। यज्ञ में सभी सगे संबंधी उपस्थित थे। सती ने अपने पिता दक्ष से पूछ लिया कि आपने शंकर जी को क्यों नहीं बुलाया। दक्ष ने सभी के सामने गुस्से में आकर शंकर के लिए अपशब्द कहे। सती पिता के इस व्यवहार से अत्यंत आहत और अपमानित हुई और उसने वहीं यज्ञ अग्निकुंड में कूद कर अपने प्राण दे दिए। शंकर जी को इस दुर्घटना का पता चला। वे क्रोधोन्मत्त हो उठे। उनके गणों ने तांडव मचा दिया। सभी आमंत्रित अतिथि इधर-उधर भाग गए। यज्ञ विध्वंस हो गया। शिव ने सती का शरीर अग्निकुंड से निकाला और उसे कंधे पर उठाकर चल पड़े। उनके दुःख का आवेग शांत नहीं हो रहा था। लगता था वे अपने क्रोध की अग्नि से सारे संसार को राख कर देंगे। जाहिर है इससे सभी को चिंता हुई। जब तक शंकर के कन्धे पर सती का शरीर रहेगा तब तक वे शांत नहीं होंगे। विष्णु ने इसका समाधान निकाला। वे अपना सुदर्शन चक्र लेकर शंकर के पीछे चल पड़े और समय देख कर सती के शरीर का कोई न कोई अंग काटने लगे। सती के शरीर के बावन अंग देश के अलग-अलग भागों में गिरे और कालांतर में उन सभी स्थानों पर बावन शक्तिपीठों की स्थापना हुई। कहा जाता है कि जिस स्थान पर ब्रह्मरंध्र यानी सिर का ऊपरी भाग गिरा, वहां हिंगलाज देवी के नाम से शक्ति पीठ बना। धीरे-धीरे यह सप्त सिंधु क्षेत्र के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हो गया। इस तीर्थ स्थल पर हिंगलाज देवी के मंदिर के अतिरिक्त शंकर का मंदिर है। गणेश जी, काली माता का भी मंदिर है। इसके अतिरिक्त राम झरोखा है। ब्रह्म कुंड, क्षीर कुंड, अनिल कुंड तो हैं ही, इसके साथ अघोर पूजा मंदिर भी विद्यमान है। यानी कार्तिकेय को छोड़कर पूरा शिव परिवार तो है ही, वैष्णवों का राम झरोखा भी विद्यमान है। माना जाता है कि इस तीर्थ धाम में चौरासी पर्वतों का समूह है।

**:: चर्चित डेस्क**

## आज का राशिफल

**मेष:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**वृषभ :-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।


**वृश्चिक:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुम्भ:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**मीन:-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं।अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।



राशि रत्न

# गांव चलो अभियान के अंतर्गत सांसद अशोक रावत ने ग्राम पंचायत मल्हेरा में किया जनसम्पर्क

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** गांव चलो अभियान के अंतर्गत मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने ग्राम पंचायत मल्हेरा में जनसंपर्क किया। अशोक रावत ने संबोधित करते हुए लोगों से कहा ,विगत सरकारों को मूल उद्देश्य जहाँ किसानों को छोटे मोटे लाभ पर आश्रित रखकर देश की उन्नति को नजरअंदाज करना था,वहीं पीएम किसान योजना देश के कृषि क्षेत्र में एक परिवर्तनकारी घटना है।

ऋग्वेद के इसी मंत्र को अंगीकृत करते हुए, सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा को केंद्र में रखते हुए मोदी जी ने नए सहकारिता मंत्रालय की नींव रखी। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में जहाँ किसान किसी न किसी सहकारी समिति के सदस्य है। इसमें सहकारिता की भूमिका को 2014 तक नजरअंदाज किया जाता रहा, यह देश का दुर्भाग्य है।



2024 में स्थापित तीन मल्टी स्टेट सहकारी समितियों ने निर्यात, आर्गेनिक उत्पाद तथा गुणक्तापूर्ण बीजों के उत्पादन के क्षेत्र में कार्य करना शुरु कर दिया है, और किसानों के उत्पाद को उसका उचित मूल्य मिल रहा है क्योंकि अब उनके लिए वैश्विक दरवाजे खुल चुके हैं। इसीलिये वर्ष 2025 अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष है। इन सब चर्चाओं के अलावा दिव्यांग एथलीटों (पैरालंपियन) को उनका उचित सम्मान दिलाना, ओलम्पिक में भारत के एथलीटों को प्रोत्साहन देना, फिट इण्डिया मूवमेंट के माध्यम से स्वस्थ भारत की संकल्पना को साकार करने का प्रयास करना, मन की बात के माध्यम से जनमानस से प्रति सप्ताह जुडने का प्रयास कुछ ऐसे कदम है, जिनसे सरकार के भारत के सभी नगरिकों का प्रति सहज सम्मान का भाव जागृत हो जाता है। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते समय प्रधानमंत्री को बिना राग द्वेष तथा पक्षपात के कार्य करने की शपथ दिलाई जाती है, देश के जनमानस में आज झलकता संतुष्टि का भाव यह पुष्टि करता है, मोदी जी ने अपने कर्तव्यों का बिना राग द्वेष तथा पक्षपात के तथा शुद्ध अन्तः करण के साथ पालन किया है। इतिहास के पन्नों में वर्ष 2014 का उल्लेख परिवर्तनकारी सोपान के रूप में किया जाएगा जब भारतवर्ष विकसित देश बनने के साथ ही वैश्विक धरातल पर एक महाशक्ति बनते हुए अपनी सांस्कृतिक चेतना का प्रसार समस्त विश्व में करने की दिशा में अग्रसर हुआ। जनसंपर्क के दौरान सांसद के साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, प्रधान मल्हेरा बुद्धालाल, कुंवर सत्येन्द्र सिंह सीटू भैया,पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम पाल, गुड्डू सिंह, बी.डी.सी. गुरु प्रसाद, फूल चंद्र सक्सेना, मिश्री लाल, हरिमोहन आदि मौजूद रहे।

## आंधी पानी से 70 बिजली के पोल टूटे, पांच ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरपालपुर/ हरदोई।** शुक्रवार की रात करीब 11 बजे तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने से कटियारी क्षेत्र में सैकड़ो पेड़ धराशाई हो गए। 70 विद्युत पोल, पांच ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हुए हैं।

विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त होने से पलिया विद्युत उपकेंद्र के 5 फीडरो के250 गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली आपूर्ति ठप हो जाने से बिजली से चलने वाले उपकरण बंद पड़े हैं। लोग पानी के लिए तरस गए। वहीं लोगों के मोबाइल डेड हो गए हैं। एसडीओ विद्युत प्रभात कुमार व अवर अभियंता गंगाराम ने क्षतिग्रस्त लाइनों का निरीक्षण कर जल्द बिजली आपूर्ति चालू करने के विद्युत कर्मियों को निर्देश दिए है। पलिया विद्युत उपकेंद्र के एसएसओ अतुल वाजपेई ने बताया कि दोपहर बाद तीन बजे हरपालपुर टाउन की बिजली आपूर्ति चालू कर दी गई है।

# रेडियो जागो एफ एम 90.4 की दूसरी वर्षगाँठ मनाई गई




चर्चित राजनीति। संवाददाता

- रेडियो जागो ने सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाया : राज्य मंत्री रजनी
- रेडियो जागो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में लोकप्रिय : जय प्रकाश
- रेडियो जागो हरदोई के लिए एक अच्छी पहल : माधवेंद्र प्रताप सिंह

**हरदोई।** शिव शंकर डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा संचालित रेडियो जागो 90.4 एफएम द्वितीय स्थापना दिवस पर स्टूडियो परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेन्द्र प्रताप सिंह रहे। सबसे पहले उन्होंने रेडियो जागो के स्टूडियो में जाकर रेडियो जागो के सफल संचालन पर बधाई दी।

कार्यक्रम में शिव शंकर डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष अभय शंकर गौड़ ने मुख्य अतिथि मानवेन्द्र प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी, सांसद हरदोई जय प्रकाश, विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू का स्वागत किया। कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि आज का युग एक तकनीकी युग है। रेडियो जागो अपने कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहा। यह आज की पीढ़ी में संस्कार रहा है। जहाँ अखबार की पहुँच नहीं है वहाँ यह अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेडियो जागो लगातार कीर्तिमान स्थापित करे व अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता रहे। विशिष्ट अतिथि राज्य मंत्री उच्च शिक्षा श्रीमती रजनी तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुँचाने में रेडियो जागो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह आम जन तक सूचनाओं के प्रेषण का महत्वपूर्ण माध्यम है। सांसद जय प्रकाश ने कहा कि रेडियो जागो का कारवां लगातार आगे ब?ता रहे। विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि रेडियो जागो हरदोई के लिए एक अच्छी पहल रही। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने भी रेडियो जागो के सफल संचालन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में दिव्यांग अंध बच्चों ने प्रस्तुति दी,वहीं मनोज अग्रवाल और जनपद ही नहीं अन्य प्रदेशों में अपनी शास्त्रीय गायन,अन्य विधा में धूम मचाने वाली कु अनुषा त्रिवेदी ने अपने वंदे मातरम गायन से अतिथियों को प्रसन्न कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा 20 ई रिक्शा चालकों को मुफ्त रेडियो जागो सेट वितरित किये। मंच का संचालन मनीष मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## थाना दिवस की शिकायतों का समय से न्यायपूर्ण निस्तारण करें : दीक्षा जोशी



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**शाहाबाद/ हरदोई।** शनिवार को कोतवाली शाहाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में किया गया।जिसमे कुल 20 शिकायतें आई जिनमे से सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शेष शिकायतों को न्यायपूर्ण ढंग से समय पर निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।फरियादियों की समस्त समस्याओं का एक स्थान पर न्यायपूर्ण निस्तारण के लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को सम्पूर्ण थाना दिवस और तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है।शनिवार को कोतवाली परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एसडीएम श्रीमती जोशी ने उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को न्याय पूर्ण तरीके से ससमय थाना दिवस की शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने कहा सार्वजनिक सरकारी व निजी भूमि पर अवैध कब्जों की शिकायतों पर राजस्व और पुलिस टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच कर अवैध कब्जेदार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करें। सीओ अनुज मिश्रा ने कहा थाना क्षेत्र में रात्रि गस्त पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि अपराधों को रोका जा सके।फरियादियों की शिकायतों के निस्तारण में सुलह समझौते को आधार बनाकर कार्यवाही अमल में लाई जाए।कर्तव्यों में लापरवाही न बरती जाए।इस अवसर पर 20 शिकायतें आई जिनमे सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।शेष शिकायतों को समय से न्यायपूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार राय सहित अन्य विभागों के अधिकारी व राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यायालय के आदेश पर पुलिस कर्मियों सहित पांच पर घर में घुसकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद /हरदोई, चसं।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शे खापुर निवासी महिला ने पुलिस कर्मियों सहित पांच लोगों पर घर से जबरदस्ती बाइक जेवर नगदी चुराने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया।न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।पीड़िता बानो पत्नी साबिर के अनुसार उसने अपने पुत्र चांद मियां का विवाह कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बुध बाजार निवासी मुबीन की पुत्री फरहीन के साथ 24 सितंबर 2016 को किया था।उसके पुत्र और बहू की विवाह के कुछ दिन बाद से ही अनबन हो गई थी। बहू ने उसके पुत्र के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।जो न्यायालय में विचाराधीन है।उसका पुत्र एक अन्य मुकदमे में जेल में था।उसी बीच 8 जुलाई 24 को उसकी बहू अपने साथ नुरैन पुत्र हमीद निवासी महुआ टोला, अयान पुत्र मुईन निवासी गजहा व कोतवाली में तैनात दो सिपाही लेकर उसके घर में घुस आए और कमरे का ताला तोड़कर बाइक,दो लाख रुपए के जेवर और ट्राली बेचकर घर में रखे पंद्रह हजार रूपये उठा ले गए।मोहल्ले वालों ने घटना का वीडियो बना लिया था।घटना में पुलिस कर्मियों की सांलिप्तता होने के कारण पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की।उसने 20 अगस्त 24 को एसपी सहित उच्चाधिकारियों को कई शिकायती पत्र भेजे वह स्वयं भी 9 सितंबर 24 को एसपी के सामने पेश हुई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई।न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पुलिस कर्मियों सहित पांच आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## एक्स-रे में प्राइवेट युवक का पैसा लेने का वीडियो वायरल

**हरपालपुर /हरदोई, चसं।** समुदाय स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में एक प्राइवेट युवक के द्वारा एक्स -रे रूम में तैनात एक्स रे टेक्निशियन हिमांशु तिवारी की मौजूदगी में एक प्राइवेट युवक के द्वारा एक युवक का एक्स रे किया गया।युवक के द्वारा मरीज से पैसा लेने का 24 सेकंड का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में यह स्पष्ट नहीं दिखाई यह सुनाई नहीं दे रहा है कि उसके द्वारा किस अंग का एक्स रे कराया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में देखा जाए तो यहां पर प्राइवेट कर्मचारियों की फौज दिखाई देती है। सीएचसी अधीक्षक डा आनंद पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

## दबंग काट ले गए सरसों की फसल,17 दिन से पीडित लगा रहा सांडी थाने के चक्कर, एसपी से की फरियाद

**हरपालपुर/सांडी, चसं।** हरपालपुर कस्बा निवासी एक किसान का सांडी थाना क्षेत्र के नयागांव में पौने पॉच बीघा खेत है। बीते 26 मार्च को नयागांव के ही दबंग उसके खेत की फसल काट ले गए।मौके पर पहुँचे खेत मालिक ने जब मना किया तो उसे लाठी डंडों से पीटा। दबंगो ने उसके भतीजे का मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़ति पिछले 17 दिन से रिपोर्ट लिखाने व फसल दिलाने के लिए सांडी थाने के चक्कर लगा रहा है।अब तक न तो उसकी रिपोर्ट दर्ज हो पाई है। न हीं फसल मिल पाई है। पीड़ति ने एसपी से शिकायत कर न्याय दिलाने की फरियाद की है। कस्बा हरपालपुर निवासी रमाकांत यादव पुत्र शिशुपाल सिंह की माँ के नाम नयागांव थाना सांडी में पौने पॉच बीघा खेत है। जिसको नयागांव के ही कुछ लोग कटता पर किए थे। रमाकांत के मुताबिक पिछले साल का 20 कुंतल गेहूं न देने पर सांडी पुलिस से फरियाद की। सांडी पुलिस ने आरोपियों को बुलाकर फैसला कराया,जिसमें आठ दिन में गेहूं देने का वायदा कर सुलहनामा लिखवा लिया गया।इसके बाद पीड़ति ने इस साल स्वयं सरसों की फसल बोई। फसल तैयार होने पर आरोपियो ने जबरदस्ती काट ली। सूचना मिलने पर 26 मार्च 25 को अपने चाचा विक्रम यादव के साथ खेत पर पहुंचे रमाकांत के साथ आरोपियो ने मारपीट करते हुए वीडियो बनाने पर उसका मोबाइल तोड़ दिया। 26 मार्च को सांडी थाने में सूचना देने पर पुलिस ने मजरूवी चिट्ठी देकर चिकित्सीय परीक्षण कराया।परंतु अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। न तो उसकी करीब 10 कुंतल सरसों मिल पाई है। पिछले साल का उसका 20 कुंतल गेहूं भी अभी तक नहीं मिल पाया है। सांडी थाने के 17 दिन से चक्कर काटकर थक चुके पीड़ति रमाकांत यादव ने पुलिस अधीक्षक नीरज जड़ों से शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज कराने व गेंहूँ व सरसों की फसल दिलाने की मांग की है।

## गेहूँ की थ्रेसिग करने से मना करने पर युवक को पीटा

**हरपालपुर/हरदोई, चसं।** कोतवाली क्षेत्र के कलूटेपुरवा मजरा बेहटाहरी गॉव निवासी राकेश 30 पुत्र स्व. हरी सिह ने पुलिस को दी गई तहरीर मे बताया कि 9 अप्रैल की रात 11.40 वजे वह अपने खेत पर ट्रैक्टर लिए खडा था। तभी मेरे गाँव के सोनू,भाई सुनील,सर्वेश पुत्र सौरभ ने अपने गेहू की फसल की थ्रेसिंग के लिए कहा।उसके मना करने पर गाली गलौज करने लगे।गाली देने से मना करने पर चारो लोगो ने लात घूसो व डन्डो से मारा पीटा है। जिससे उसके चोटे आयी हैं। मार पीट मे उसके दाँत टूट गये।आरोपी जान से मार डालने की धमकी देते हुए फरार हो गए।प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्रा ने बताया ,चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जॉच की जा रही है।

## ट्रॉली चोरी का बघौली पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**बघौली/हरदोई, चसं।** बघौली थाना के अंतर्गत ब्योरापुर गांव के प्रदीप कुमार पुत्र श्रीराम पंडित के घर के बाहर खड़ी बीते दिनों ट्रॉली चोरी हो गई थी, जिसकी शिकायत बघौली थाना पर दर्ज कराई गई थी, जिसकी पुलिस टीम जांच पड़ताल कर रही थी। बघौली पुलिस टीम ने शनिवार को खुलासा करते हुए तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। जिसमे अमन अवस्थी,राजीव अवस्थी,निवासी उमरारी ,अमित तिवारी निवासी नेवादा लोचन जिनके पास से एक ट्रॉली बरामदगी की गई है। उक्त आरोपियों पर प्रकरण सम्बन्धित कार्यवाही करते हुए जेल भेजा।

## मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म, गर्भवती होने पर परिजनों को हुई जानकारी

**मल्लावां/ हरदोई, चसं।** युवती के गर्भवती होने पर परिजनों को जानकारी हुई। भाई ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है। एसपी के आदेश पर पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध दुष्कर्म करने के आरोप मे रिपोर्ट दर्ज कर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के राघौपुर चौकी के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एसपी नीरज जादौन को शिकायती पत्र दिया है जिसमें उसने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बहन जो मंदबुद्धि की है। उसके साथ गांव के रहने वाले रामपाल ने यूकेलिपटस के बाग में दुष्कर्म किया।

## महिला से मारपीट करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट

**शाहाबाद /हरदोई, चसं।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर इब्नेजई निवासी महिला ने मोहल्ले के युवक पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त विवरण में पीड़िता रेनू पत्नी महेंद्र के अनुसार वह 9 अप्रैल की शाम को अपने पुत्र के साथ दवा लेकर वापस घर लौट रही थी।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेंडरिंग निविदा सूचना
[illegible]

# पाली कस्बे में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरदोई।** जनपद के पाली कस्बे में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। इसी क्रम में शनिवार को पाली थाना परिसर में हनुमान जयंती बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

थाना प्रभारी सोमपाल गंगवार ने मंदिर के पुजारी निर्दोष कुमार मिश्रा के साथ सर्वप्रथम हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरती उतारी और लड्डुओं का भोग लगाकर प्रार्थना की गई। वहाँ मौजूद समस्त पुलिस स्टॉफ सहित सभी लोगों ने हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।वहां मौजूद सभी हनुमान भक्तों ने बजरंग बली के जयकारों से थाना परिसर को गुंजायमान कर दिया। इसी के साथ थाना परिसर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज में सैक?ों कन्याओं सहित काफी संख्या में लोगों ने भंडारे का परसाद प्राप्त कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे का क्रम सुबह से दोपहर तक चलता रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह,कस्बा इंचार्ज उमेश तिवारी, उपनिरीक्षक रामौतार, उपनिरीक्षक विशाल तिवारी, महिला उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह,कांस्टेबल अंबुज तिवारी, कांस्टेबल सचिन, महिला कांस्टेबल कीर्ति चौहान, सहित समस्त पुलिस स्टॉफ के अतिरिक्त काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# कठेठा गाँव में खाटू श्याम का जागरण, विधायक रानू ने की शिरकत



चर्चित राजनीति। संवाददाता

**हरपालपुर/ हरदोई।** कठेठा गांव मे शुक्रवार की रात आयोजित खाटू श्याम के जागरण में कलाकारों ने भजन गाकर लोगों को मंत्र मुक्त कर दिया।भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दातागंज से आए भजन गायक शिवम लाडला ने गाया-लगन तुमसे लगा बैठे, जो होगा देखा जाएगा,तुम्हे अपने बना बैठे,जो होगा देखा जाएगा। कभी दुनिया से डरते थे,छुप छुप के याद करते थे,लो अब परदा उठा बैठे,जो होगा देखा जाएगा।

फर्रुखाबाद से आई शुभी सिंह ने गाया-आ गया मैं दुनियादारी सारी बाबा छोड़ के,लेने आजा खाटू वाले,रींगस के उस मोड़ पे। कानपुर से आई राखी अनजान ने गाया हारा हूँ बाबा पर तुझपे भरोसा है,जीतूंगा एक दिन मेरा दिल ये कहता है,मेरे मांझी बन जाओ मेरी नाव चला जाओ, बेटे को बाबा श्याम गले लगा जाओ,हारा हूँ बाबा पर तुझपे भरोसा है। कमालगंज से आए रवि कंचन ने गाया हमें प्रीत तुमसे हुई श्याम प्यारे,तुम हो हमारे, हम हैं तुम्हारे। इस मौके पर आयोजक अमित सिंह,विशोक सिंह, बैरिस्टर सिंह पाताल सिंह, लक्ष्मी सिंह आदि मौजूद रहे।

## भारती सिंह छोड़ रही हैं मनोरंजन इंडस्ट्री! कॉमेडी क्वीन ने किया रिटायरमेंट प्लान रिवील



कॉमेडी की दुनिया में अपनी खास पहचान बना चुकीं भारती सिंह ने हाल ही में एक दिलचस्प और हैरान कर देने वाला खुलासा किया है। उन्होंने अपने रिटायरमेंट प्लान के बारे में बात की है और बताया कि आने वाले कुछ सालों में वह मनोरंजन इंडस्ट्री से अलविदा कहने की सोच रही हैं। भारती ने बताया कि उन्होंने बहुत कम उम्र से काम करना शुरू कर दिया था, जिस वजह से उन्हें कभी यह एहसास नहीं हुआ कि वो एक लड़की हैं। उन्होंने कहा, श्मैंने हमेशा खुद को एक महिला की तरह ही देखा है। अब मेरी ये ख्वाहिश है कि मेरा बेटा जब बड़ा हो, तो वो मुझे महसूस करवाए कि मैं एक लड़की हूं।श् भारती का कहना है कि वह 8-10 साल बाद काम से पूरी तरह ब्रेक लेना चाहती हैं और अपने बेटे के साथ जिंदगी को खुलकर जीना चाहती हैं। भारती ने खुलासा किया कि वह अपने पति हर्ष लिम्बाचिया से इस बारे में पहले ही बात कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि वह अब ज्यादा समय काम में नहीं बिताना चाहतीं। उनका सपना है कि जब उनका बेटा गोला (जिसकी उम्र अभी 3 साल है) 13 साल का हो जाए, तब वह उसे लेकर दुनिया घूमें। भारती ने कहा, मैं गोला को लेकर अलग-अलग देशों में घूमना चाहती हूं। हर्ष यहां रहकर अपने पॉडकास्ट करेंगे और मैं गोले के साथ स्विट्जरलैंड जैसे खूबसूरत देशों में रहूंगी। भारती के इस बयान के बाद उनके फैंस थोड़े इमोशनल और टेंशन में आ गए हैं। लोगों को भारती का ये फैसला भले ही समझदारी भरा लगे, लेकिन उन्हें इस बात का दुख है कि कुछ सालों बाद वह उन्हें मंच पर या टीवी स्क्रीन पर नहीं देख पाएंगे। करियर की बात करें तो, भारती सिंह ने अपने दम पर कॉमेडी की दुनिया में एक खास मुकाम हासिल किया है। वह द कपिल शर्मा शो, कॉमेडी सर्कस, खतरा खतरा शो जैसे कई पॉपुलर शोज में नजर आ चुकी हैं। भारती ना सिर्फएक शानदार कॉमेडियन हैं बल्कि एक अच्छी होस्ट और परफॉर्मर भी हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि भारती अपने इस प्लान को किस तरह से आगे बढ़ाती हैं। लेकिन एक बात तय है दृ उन्होंने अपने काम और हंसाने की कला से लोगों के दिलों में जो जगह बनाई है, वो हमेशा बरकरार रहेगी। :: एजेंसी

## रातों-रात फेमस हुआ ये इंस्टाग्राम अकाउंट आखिर किसकी है ये रहस्मयी पब्लिक प्रोफाइल

इंस्टाग्राम पर इन दिनों एक सीक्रेट अकाउंट चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अकाउंट के पीछे कौन है, इसका अब तक खुलासा नहीं हुआ है। लेकिन दिलचस्प बात ये है कि कई बॉलीवुड सेलेब्स इस प्रोफाइल को फॉलो कर रहे हैं, जिससे लोगों की जिज्ञासा और भी बढ़ गई है। शुरुआत में ये अकाउंट प्राइवेट था, लेकिन हाल ही में इसे पब्लिक कर दिया गया है। जैसे ही अकाउंट पब्लिक हुआ, लोगों का ध्यान इस पर गया और इसके फॉलोअर्स की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। इस खबर के लिखे जाने तक इस अकाउंट को 30.5 हजार से ज्यादा लोग फॉलो कर चुके हैं, और यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। अगर आप इस पेज पर विजिट करेंगे, तो यहां एक वीडियो क्लिप नजर आता है, जिसमें एक्ट्रेस शरवरी वाघ दिखाई देती हैं। हालांकि, वीडियो का मतलब क्या है और इस अकाउंट से शरवरी का क्या कनेक्शन है, ये अभी तक साफनहीं हो पाया है। इस मिस्ट्री अकाउंट की चर्चा इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि इसे करण जौहर, नताशा स्टेनकोविक, शरवरी वाघ, और शालिनी पांडे जैसे सेलेब्स फॉलो कर रहे हैं। जब बड़े फिल्मी नाम किसी अनजान अकाउंट को फॉलो करते हैं, तो जाहिर है फैंस की नजरें भी उस पर टिक जाती हैं। इस अकाउंट की प्रोफाइल पिक्चर भी हाल ही में बदली गई है। पहले जहां एक समंदर किनारे की तस्वीर लगी थी, वहीं अब इसमें एक एआई-जेनरेटेड इमेज नजर आ रही है। इससे यह अकाउंट और भी रहस्यमय लगने लगा है। अब सबके मन में यही सवाल है कि आखिर ये टंककल कौन है? क्या यह किसी नई फिल्म का प्रमोशन है? कोई नया सेलेब्रिटी? या फिर एक नया सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर? अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। बॉलीवुड और सोशल मीडिया की दुनिया में ऐसी मिस्ट्री मार्केटिंग नई बात नहीं है, लेकिन जब बात बड़े सेलेब्स से जुड़ी हो, तो फैंस की उत्सुकता और भी ज्यादा बढ़ जाती है। अब देखना होगा कि इस अकाउंट के पीछे का राज कब सामने आता है और टंककल कौन है, इसका खुलासा कब होता है। :: एजेंसी

## एक्ट्रेस ने किया दिल दहला देने वाला खुलासा

टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस चाहत खन्ना, जिन्होंने बड़े अच्छे लगते हैं और कबूल है जैसे हिट सीरियल्स से घर-घर में अपनी पहचान बनाई, उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने साथ हुई छेड़छाड़ की एक बेहद डरावनी घटना को याद किया। चाहत खन्ना ने एक इंटरव्यू में बताया कि यह घटना करीब 10-11 साल पहले की है, जब वह अपनी दो बहनों के साथ कार में थीं। उन्होंने कहा, हम कार में जा रहे थे और देखा कि दो बाइक सवार हमारे पीछे लग गए। वे लगातार पीछा कर रहे थे और हमारी ओर देखकर अश्लील कमेंट्स कर रहे थे। कार की खिड़कियां खुली थीं, तो साफ-साफउनकी बातें सुनाई दे रही थीं। एक्ट्रेस ने आगे बताया, वो लड़के बार-बार रास्ता काट रहे थे। फिर मुझे गुस्सा आ गया। मैंने कार उनकी बाइक के आगे रोक दी और बाहर निकल कर उन्हें मारना शुरू कर दिया। उन्होंने भी मुझे मारा, लेकिन वहां कोई मदद के लिए नहीं आया। चाहत ने बताया कि यह लड़ाई किसी डब्लयूडब्लयूई फाइट जैसी हो गई थी। :: एजेंसी

# डीप नेक ब्लाउज और भारी लहंगा, हाथ में तलवार थामे रैंप पर उतरी अदा शर्मा, रॉयल प्रिंसेस लुक में दिखाए मार्शल आर्ट मूव्स

सपनों की नगरी मुंबई में एक और फैशन वीक का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवुड हसीनाएं अपनी दिलकश अदाएं दिखा रही हैं। हेमा मालिनी से लेकर मनारा चोपड़ा समेत कई एक्ट्रेस ने हुस्न का जादू बिखेरा लेकिन उन हसीनाओं में से एक ऐसी भी हसीना है जो रैंप पर 'तलवार' लेकर पहुंच गई और वहां मौजूद ऑडियंस के सामने मार्शल आर्ट मूव्स दिखाने लगी। हम यहां खूबसूरत और मोस्ट टैलेंटेड एक्ट्रेस अदा शर्मा की बात कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में डिजाइनर नियारा इंडिया के लिए ओपनर के तौर पर रैंप वॉक किया।

ब्लैक कलर के भारी एंब्रॉयडरी वाले लहंगे में अदा बेहद की खूबसूरत दिखीं। इस लंहगे के साथ उन्होंने डीप नेक ब्लाउज पेयर किया था। उन्होंने अपने दुपट्टा को एक कंधे पर साड़ी स्टाइल में पिन किया हुआ था। दुपट्टे पर भी हैवी एंब्रॉयडरी लहंगे से मैच करते हुए पूरे लुक को और भी रॉयल बना रही थी। उनके मेकअप की बात करें तो ये एकदम ग्रेसफुल और मैच्योर लुक था। उनकी आंखों का मेकअप काफी खूबसूरत था। न्यूड लिपशेड, हल्का फाउंडेशन और कंटूरिंग ने उनके फेस को हाईलाइट किया हुआ था। माथे पर बड़ा मांग टीका,गले का हैवी चोकर अदा के लुक को रॉयल टच दे रहा था। उनके चेहरे पर गजब का कॉन्फिडेंस दिखाई दे रखा था।

हाथ में तलवार थामे अदा एक दम योद्धा रानी की तरह रैंप पर चल रही थीं। इसकेबाद उन्होंने तलवार को दोनों हाथों में पकड़ कर क्लासिकल वारियर स्टाइल में स्ट्राइकिंग पोज दिया है जो किसी मार्शल आर्ट की तरह लग रहा था। उनकी बॉडी लैंग्वेज ने हर किसी को हैरान कर दिया। करियर कीबात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2008 में विक्रम भट्ट की हॉरर फिल्म 1920 से की थी। इस फिल्म में उनके अभिनय की काफी सराहना मिली थी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 17 साल के करियर में अदा अब तक 38 फिल्मों और कई सीरीज में काम कर चुकी हैं। उनकी सबसे ज्यादा कमाई वाली फिल्म 2023 में आई द केरल स्टोरी थी जिसने बॉक्स ऑफिस पर 286.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी।आखिरी बार अदा फिल्म तुमको मेरी कसम में नजर आई थीं। वहीं दूसरी ओर



अभिनेत्री अदा शर्मा ने वैलेंटाइन डे पर यह बताया कि उन्हें एक लड़के में कौन सा गुण सबसे आकर्षक लगता है। उन्होंने यह भी बताया कि उन्हें बैड बॉयज बिल्कुल भी पसंद नहीं हैं। अपने परफेक्ट मैन के बारे में बात करते हुए अदा ने कहा, मुझे लगता है कि एक पुरुष का सबसे आकर्षक गुण यह है कि वह अपना फोन दूर रख सके और वर्तमान में मौजूद रहे। मुझे बैड बॉयज बिल्कुल पसंद नहीं हैं, ठीक वैसे ही जैसे मुझे खराब खाना पसंद नहीं है। अदा ने कहा, मुझे अच्छे संस्कारी लड़के पसंद हैं। अगर वह मेरे चुटकुलों पर हंसता है, तो वह रिश्ते में खुश रहेगा! मेरे लिए किसी लड़के की बॉडी से ज्यादा उसका ब्रेन, खासकर प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स में ग्रे मैटर की अधिक मात्रा, ज्यादा मायने रखती है। वैलेंटाइन डे से पहले गुरुवार को अदा ने 1996 की फिल्म राजा हिंदुस्तानी के गीत आए हो मेरी जिंदगी में का पैरोडी शेयर किया था। अपनी मजेदार शैली में अदा ने गीत के बोल बदल दिए और आए हो मेरी जिंदगी में तुम शैतान बनके गाया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, शैतानों को भेजो प्यार फैलाओ! हैप्पी वैलेंटाइन डे! सदी का सबसे रोमांटिक प्रॉपेगैंडा गाना भाग 2। अदा अगली बार महेश भट्ट की तुमको मेरी कसम में अनुपम खेर और इश्वाक सिंह के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट कर रहे हैं और यह 21 मार्च को रिलीज हुई। फिल्म में अनुपम खेर, अदा शर्मा और ईशा देओल भी हैं। तुमको मेरी कसम एक ड्रामा है जो इंदिरा आईवीएफ के संस्थापक डॉ. अजय मुर्डिया के जीवन से प्रेरित है। विक्रम ने इससे पहले सुपरहिट मास एंटरटेनर गुलाम, आवारा पागल दीवाना और कसूर सहित कई फिल्मों का निर्देशन किया है।

अदा रीता सान्याल के दूसरे सीजन में भी दिखेंगी। इसके अलावा, अदा एक इंटरनेशनल प्रोजेक्ट में काम करेंगी। बताते चलें कि बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा सोशल मीडिया पर जो कुछ भी शेयर करती हैं, उसमें हमेशा थोड़ी हंसी भी मिला देती हैं। इस बार उन्होंने एक लापरवाह नहीं बनने के लिए अच्छा रिमाइंडर शेयर किया है। अदा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटोशूट की कई फोटो शेयर कीं। हालांकि, उन्होंने जो आउटफिट पहना था, उस पर पानी का निशान था। उन्होंने बताया कि पानी पीना जरूरी है, लेकिन इसे पीते समय जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। अदा ने लिखा, पानी पीना बहुत जरूरी है। खुद को हाइड्रेट रखना चाहिए। लेकिन

**ब्लैक कलर के भारी एंब्रॉयडरी वाले लहंगे में अदा बेहद की खूबसूरत दिखीं। इस लंहगे के साथ उन्होंने डीप नेक ब्लाउज पेयर किया था। उन्होंने अपने दुपट्टा को एक कंधे पर साड़ी स्टाइल में पिन किया हुआ था। दुपट्टे पर भी हैवी एंब्रॉयडरी लहंगे से मैच करते हुए पूरे लुक को और भी रॉयल बना रही थी।**

जल्दी-जल्दी में पीओगे, तो ड्रेस पर गिराओगे और अगर आप डूबते सूरज के साथ तस्वीरें लेना चाहते हैं तो गिरे हुए पानी को सुखाने का समय नहीं मिलेगा। उन्होंने आगे कहा, जिंदगी में, हर चीज ऑप्शन्स के बारे में है और मैंने डूबते सूरज को चुना। फोटोशॉप करके पानी का दाग निकाल सकते थे, लेकिन मुझे लगा कि यह लापरवाह नहीं होने की एक अच्छी याद दिलाने वाली चीज होगी। ठीक है बाय! पी.एस. हर फोटो में कम से कम एक कौवे का होना जरूरी है। इससे पहले बीते 5 फरवरी को, अदा ने एक मजेदार वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने क्लासिक फिल्म कुछ कुछ होता है से शाहरुख खान के मशहूर डायलॉग, प्यार दोस्ती है को मजाकिया अंदाज में दोहराया।

वीडियो में, अदा अपने फॉलोअर्स को एक अजीबोगरीब जोड़ी, एक गिलहरी और एक तोते से मिलवाती हैं, जो सिर्फ दोस्ती से कहीं बढ़कर लगते हैं। अपनी खास दिमाग और चंचल नजरिए के साथ, एक्ट्रेस ने शाहरुख की फेमस लाइन को मजेदार और अप्रत्याशित तरीके से दिखाया। क्लिप में, एक्ट्रेस ने मजाकिया ढंग से दो जानवरों के बीच बातचीत को भी बताया। उन्होंने मजाकिया ढंग से सवाल किया, प्यार क्या है? खारूताई और ओम, सिर्फ दोस्त से ज्यादा। उन्होंने आगे लिखा, जब आपकी डेट आपसे ज्यादा आपकी मिठाई में दिलचस्पी रखती है। दोनों एक ही चीज खा रहे हैं... लेकिन ओम शकी है। बता दें कि अदा शर्मा ने हाल ही में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महा कुम्भ मेला 2025 में एक यादगार उपस्थिति दर्ज की। इस इवेंट में सिर्फ उन्होंने भाग नहीं लिया, बल्कि शिव तांडव स्त्रोत का एक शानदार लाइव प्रदर्शन किया, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अभिनेत्री ने जब हर हर महादेव और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपनी प्रस्तुति को समाप्त किया, तो दर्शकों से जोरदार तालियों की गूंज सुनाई दी। महाकुम्भ से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें अदा शर्मा को भजन का गायन करते हुए देखा गया। अभिनेत्री ने यह वीडियो अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर भी शेयर किया, साथ ही कुम्भ मेला में अपनी पहली यात्रा के दौरान खींची गई तस्वीरों को भी पोस्ट किया। 20 जनवरी, सोमवार को अदा शर्मा ने महाकुम्भ मेला से कुछ तस्वीरें शेयर की थीं, जिसमें उन्होंने तीर्थ स्थल और उत्सव को दर्शकों के साथ साझा किया। :: एजेंसी

## 13 अप्रैल को बैसाखी के दिन जरूर करें इन चीजों का दान



बैसाखी, जो हर साल 13 या 14 अप्रैल को मनाई जाती है, सिर्फ एक फसल उत्सव नहीं है बल्कि एक आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से भी महत्वपूर्ण दिन है। खासतौर पर पंजाब और उत्तर भारत में इसे नए साल की शुरुआत और रबी की फसल कटाई के पर्व के रूप में मनाया जाता है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि इस दिन दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है। कहा जाता है कि बैसाखी के दिन किया गया दान कई गुना फल देता है और जीवन के रुके हुए काम भी बनने लगते हैं। बैसाखी का संबंध केवल किसानों और खेती से नहीं है, बल्कि यह दिन सिख धर्म में भी बहुत महत्वपूर्ण है। इसी दिन 1699 में गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस दिन को हिन्दू पंचांग के अनुसार बैसाख महीने की संक्रांति भी माना जाता है। संक्रांति पर दान, स्नान और जप-तप का विशेष महत्व होता है। पुराणों और ज्योतिष के अनुसार, बैसाखी के दिन किए गए स्नान, दान और पूजा-पाठ का विशेष फल मिलता है। यह जीवन में सुख-समृद्धि लाता है और पुराने पापों से मुक्ति दिलाता है। खासतौर पर जिन लोगों के जीवन में वित्तीय परेशानियां, कामों में बार-बार रुकावट, या नकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है, उन्हें इस दिन दान जरूर करना चाहिए। गुड़ और चने का दान इस दिन सबसे शुभ माना गया है। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए अच्छा है, बल्कि इसे दान करने से घर में धन और अन्न की कभी कमी नहीं होती। तांबे का बर्तन (जैसे लोटा या कटोरी) दान करने से सूर्य देवता प्रसन्न होते हैं। इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और सरकारी कार्यों में सफलता मिलती है।

सफेद कपड़े और चावल का दान चंद्रमा को बल देता है। मानसिक शांति और पारिवारिक सुख के लिए यह दान लाभदायक होता है। जल से भरे हुए कलश का दान प्यासे को पानी देने के समान पुण्य देता है। :: एजेंसी

## मिलावटी फल बन सकता है कैंसर का कारण

गर्मियों में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले फलों में तरबूज का नाम सबसे ऊपर आता है। गर्मी से राहत देने वाला, ठंडक और पानी से भरपूर यह फल हर थाली में जगह बना लेता है। लेकिन अब यही तरबूज आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। बाजार में मिल रहे कुछ तरबूजों में इस समय मिलावट का ऐसा खेल चल रहा है, जो सीधे तौर पर लोगों को बीमारियों की ओर धकेल रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाजारों में बिक रहे कई तरबूजों को जल्दी पकाने और लाल दिखाने के लिए खतरनाक केमिकल्स जैसे इथर, कैल्शियम कार्बाइड, और आर्टिफिशियल कलर का इस्तेमाल किया जा रहा है। ये रसायन देखने में फल को आकर्षक तो बना देते हैं, लेकिन शरीर में जाकर लीवर फेलियर, किडनी डैमेज, हार्मोनल गड़बड़ी और यहां तक कि कैंसर का कारण बन सकते हैं। अगर तरबूज ज्यादा समय तक खुले में रखा जाए या सही तापमान में न रखा गया हो, तो उसमें फफूंदी लग सकती है। यह फंफूदी एफलाटॉक्सिन्स नामक जहर छोड़ती है, जो विशेष रूप से लीवर कैंसर के लिए जिम्मेदार माना जाता है। तरबूज खरीदते समय नीचे दिए गए संकेतों को नजरअंदाज न करें। बहुत ज्यादा चमकदार लाल गूदाः यह मिलावटी रंग का संकेत हो सकता है। फल से चिपचिपाहट या रंग निकलनाः सीधी मिलावट का सबूत। पानी में डाले गए टुकड़े से पानी का रंग बदलना : नकली रंग की पुष्टि। बहुत ज्यादा चमकदार सतहः हानिकारक पॉलिश या रंग का संकेत। ::लोकल डेस्क

## प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

### तहव्वुर राणा ने

वकालतनामा पर हस्ताक्षर किए। अदालत की ओर से नियुक्त वकील से राणा ने करीब 30 मिनट बात की। सुनवाई के दौरान, वह शांत नजर आया और जज के सवालों के सीधे जवाब दिए। सूत्रों के अनुसार, अदालत कक्ष में राणा किसी भी तरह के तनाव में नहीं दिखा। जब उसे बताया गया कि उसे एनआईए मुख्यालय में रखा जाएगा तो राणा ने अपने वकील से इस बारे में विस्तृत जानकारी भी ली।

### लालच की वजह

हैं, क्योंकि आज ऐसी ताकतें हैं जो हमें बदलना (धर्मांतरित करना) चाहती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारे दैनिक जीवन में ऐसी कोई ताकत नहीं होती, तब भी लालच, डर और प्रलोभन की घटनाएं सामने आती हैं। आरएसएस प्रमुख ने महाभारत का उदाहरण दिया और कहा कि महाभारत के समय धर्म परिवर्तन करने वाला कोई नहीं था, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों का राज्य हड़पने के लालच में जो किया, वह अधर्म था। उन्होंने कहा, धार्मिक आचरण दैनिक जीवन में जरूरी है।

### वाराणसी गैंगरेप केस

बड़ा आपराधिक रैकेट हो सकता है, जो देशभर में काम कर रहा था। पुलिस अब इस मामले में पूरी गंभीरता से जांच कर रही है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों के बाकी साथी जल्द पकड़े जाएं। इसके साथ ही पुलिस यह भी जांच रही है कि इन वीडियो को और कितने लोगों तक भेजा गया था और उन लोगों के बारे में क्या जानकारी मिल सकती है।

### 'संकटमोचन' की कृपा

मुख्यमंत्री योगी ने कहा- पूर्व राज्यपाल, लखनऊ के पूर्व सांसद और प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री श्रद्धेय लालजी टंडनजी की आज पावन जयंती है। इस अवसर पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेश सरकार और समस्त उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सीएम योगी ने कहा भारत माता के ऐसे सपूत, जिन्होंने लखनऊ, प्रदेश और देश की राजधानी में लगभग सात दशक तक अपनी एक मजबूत पहचान बनाई। यह आसान नहीं होता कि कोई व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में सम-विषम परिस्थितियों का सामना करते हुए एक विचारधारा और राष्ट्रभक्ति के साथ जीवन भर कार्य करे। टंडन जी का व्यक्तित्व यही दर्शाता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि टंडन जी ने जीवन भर मूल्यों, आदर्शों और मर्यादाओं का पालन करते हुए कार्य किया और शिखर तक पहुंचे। उन्होंने आगे कहा, वह किसी भी दल से जुड़ा पीड़ित व्यक्ति हो, अगर टंडनजी के पास जाता था तो वे उसकी मदद जरूर करते थे। वे सदैव आमजन की सेवा और संवाद के लिए तत्पर रहते थे।

**सीएम योगी ने किया राणा सांगा की जयंती पर नमन, कहा- उनका शौर्य युगों-युगों तक गर्व महसूस कराता रहेगा :**

सीएम योगी ने राणा सांगा की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि धर्मरक्षा हेतु समर्पित रहे परम प्रतापी राणा सांगा जी की जयंती पर उन्हें कोटिश− नमन! राष्ट्रभक्ति और त्याग की प्रतीक उनकी यशगाथा इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उनका शौर्य युगों-युगों तक भारतभूमि को स्वाभिमान से सिंचित करता रहेगा। धर्मरक्षा हेतु समर्पित रहे परम प्रतापी राणा सांगा जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन! उनका शौर्य युगों-युगों तक भारतभूमि को स्वाभिमान से सिंचित करता रहेगा।

**सीएम योगी ने लिया फैसला, अब बिना सत्यापन के बेच सकेंगे 100 क्विंटल से ज्यादा गेहूं, पहले थीं बंदिशें :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के हित में बड़ा फैसला किया है। सरकारी क्रय केंद्रों पर 100 क्विंटल से ज्यादा गेहूं बेचने पर भी किसानों को सत्यापन से छूट दे दी गई है। किसान अनुमानित उत्पादन के तीन गुना तक बिक्री कर सकेंगे, जिससे कि अभिलेखों में कोई खामी होने पर उन्हें गेहूं बेचने में परेशानी न हो। योगी सरकार ने यह व्यवस्था पहले ही की है कि पंजीकृत किसान सत्यापन के बिना भी 100 क्विंटल तक गेहूं बेच सकते हैं। किसान खाद्य व रसद विभाग के पोर्टल द्वष्ह्य.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ या विभाग के मोबाइल एप क्चयद्धह्वह्र स्ह्वक्रञ्जक्र पर पंजीकरण और नवीनीकरण करा लें। शनिवार दोपहर तक 377678 किसानों ने पंजीकरण कराया था। अब तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों की संख्या 39006 है। कुल 206385 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई है। यहां बता दें कि प्रदेश में सरकारी क्रय केंद्रों की संख्या 5804 है। किसानों को 2425 रुपये प्रति क्विंटल की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा 20 रुपये प्रति क्विंटल उतराई, छनाई व सफाई के लिए अतिरिक्त दिए जा रहे हैं। सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की जा रही है। कोई समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 18001800150 पर कॉल की जा सकती है। बटाईदार किसानों से भी खरीद की जा रही है।

### तमिलनाडु के दस

विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेज दिया गया। इस पूरी प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल से सवाल किए थे। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए एक महीने का समय दिया है। वहीं न्यायालय ने यह भी साफकिया कि वह राज्यपाल की शक्तियों को कम नहीं कर रहा।

### औरंगजेब महाराष्ट्र में

शिवाजी महाराज के आदर्शों पर काम करती है। गृह मंत्री ने रायगढ़ किले को एक पर्यटन स्थल के बजाय भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। उन्होंने स्वधर्म की रक्षा और स्वराज्य की स्थापना के बीज बोने का श्रेय शिवाजी महाराज की मां जीजाबाई को दिया। अमित शाह ने कहा कि भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है और महाशक्ति बनना चाहता है। ऐसे में शिवाजी महाराज एक प्रेरणा के रूप में खड़े हैं। उनकी राजमुद्रा (शाही चिन्ह) का प्रयोग भारतीय नौसेना के ध्वज के रूप में किया जाता है। जो राष्ट्र पर उनके स्थायी प्रभाव का प्रतीक है। शाह ने स्वधर्म के लिए लड़ाई जारी रखने तथा सुशासन और न्याय पर शिवाजी महाराज की शिक्षाओं को कायम रखने के महत्व पर बल दिया। इससे पहले, शाह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने रायगढ़ किले के पास पचाड में जीजाबाई को पुष्पांजलि अर्पित की। शाह के साथ मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और अजित पवार, और मराठा वंशज भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले और राज्य मंत्री शिवेंद्रसिंह भोसले थे। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वह अरब सागर में शिवाजी महाराज का स्मारक बनाने के लिए काम करेंगे। इस परियोजना से संबंधित याचिका को वापस बॉम्बे उच्च न्यायालय को भेज दिया गया है। हम मामले को कुशलतापूर्वक प्रस्तुत करेंगे। फडणवीस ने दिल्ली में शिवाजी महाराज का राष्ट्रीय स्मारक बनाने की उदयनराजे भोसले की मांग को भी स्वीकार कर लिया और अमित शाह के साथ इस मामले पर चर्चा करने का वादा किया। मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज उदयनराजे भोसले ने सामाजिक न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव पर शिवाजी महाराज की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिवाजी महाराज का अपमान करने को गैर-जमानती अपराध बनाने तथा 10 साल की जेल की सजा का कानून बनाने की मांग की। साथ ही सिनेमा में ऐतिहासिक सटीकता सुनिश्चित करने के लिए सेंसर बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि दूसरों के लिए अपना जीवन समर्पित करने के बावजूद उनका अपमान किया जा रहा है। अरब सागर में शिवाजी महाराज के आगामी स्मारक के निर्माण में पर्यावरण और पारिस्थितिकी संबंधी मुद्दों के कारण देरी हो सकती है, लेकिन राजभवन में 48 एकड़ भूमि पर इसका निर्माण किया जा सकता है। अमित शाह यहां से सुतारवाड़ी गए। वहां एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष और रायगढ़ के सांसद सुनील तटकरे के आवास पर दोपहर के भोजन के लिए जाएंगे। गौरतलब है कि तटकरे ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें भोजन का निमंत्रण दिया था, जिसे शाह ने स्वीकार भी किया। तटकरे ने कहा कि लंच के दौरान कोई राजनीतिक चर्चा नहीं होगी।

### मुर्शिदाबाद में होगी

मुर्शिदाबाद में हालात बेकाबू हैं। स्थिति काफी गंभीर है और यह राज्य प्रशासन के नियंत्रण के बाहर है। जिला प्रशासन सीमा सुरक्षा बल को कार्य करने नहीं दे रहा है। लिहाजा मुर्शिदाबाद के हिंसाग्रस्त इलाकों में तत्काल केंद्रीय बल की तैनाती की जरूरत है। इसके बाद खंडपीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार से उसकी राय मांगी। अंत में मौजूदा हालात के मद्देनजर खंडपीठ ने केंद्रीय बल की तैनाती का निर्देश दिया। बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद व मालदा सहित बंगाल के कई जिलों में विरोध प्रदर्शनों के दौरान शुक्रवार को हुई हिंसा व तनाव के मद्देनजर राज्य सरकार को सख्त निर्देश जारी किए हैं। राज्यपाल ने संवेदनशील क्षेत्रों में गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने को कहा है। राजभवन के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि हिंसा और संवेदनशील क्षेत्रों में तनाव व फिर से अशांति की आशंका को देखते हुए राज्यपाल ने स्थिति के बारे में शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री के साथ भी फोन पर चर्चा की। हालांकि बातचीत का विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। मुर्शिदाबाद समेत राज्य के अन्य हिस्सों में फैली हिंसा के बीच सीएम ममता बनर्जी ने लोगों से शांति स्थापित करने की अपील की है। सीएम ममता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम वक्फ कानून के पक्ष में नहीं है। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा फिर दंगा किस बात का। सीएम ममता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी धर्मों के लोगों से मेरी विनम्र अपील है कि कृपया शांत रहें, संयमित रहें। धर्म के नाम पर कोई भी गलत हरकत न करें। हर इंसान की जान कीमती है, राजनीति करने के लिए दंगे न भड़काएं। जो लोग दंगे भड़का रहे हैं, वे समाज को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### भारत ने भी

की जलवायु वित्त संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहने के कारण इसकी आलोचना भी हो रही है। कार्बन मूल्य निर्धारण से साल 2030 तक शिपिंग उत्सर्जन में केवल 10 प्रतिशत की कमी आने की उम्मीद है, जो कि आईएमओ के अपने लक्ष्य 20 प्रतिशत से बहुत कम है। भारत के अलावा जिन 62 देशों ने वैश्विक कार्बन टैक्स के पक्ष में मतदान किया, उनमें चीन और ब्राजील भी शामिल हैं।

हालांकि, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), रूस और वेनेजुएला जैसे तेल संपन्न देशों ने कार्बन टैक्स के विरोध में मतदान किया। जबकि, अमेरिका ने वार्ता में भाग नहीं लिया और मतदान के दौरान अनुपस्थित रहा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# भाजपा में कार्यकर्ता चुनते हैं नेता : बृजेश पाठक

## डिप्टी सीएम बोले-कांग्रेस और सपा में सिर्फ परिवार के लोग बनते हैं नेता

चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भाजपा स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान के दौरान रुदौली विधानसभा क्षेत्र के बाबा बाजार में आयोजित कार्यक्रम में विपक्षी दलों पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बिना चुनाव के भी जनता से जुड़ी रहती है। पाठक ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में व्याप्त परिवारवाद पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस में राहुल गांधी के बाद या तो उनके बच्चे या प्रियंका गांधी के बच्चे नेता बनेंगे।इसी तरह समाजवादी पार्टी में अखिलेश यादव के बाद उनका बेटा ही नेता बनेगा। उन्होंने भाजपा को एक संगठनात्मक पार्टी बताया। कहा कि यहां हर पद के लिए चुनाव होता है और कार्यकर्ता ही अपने नेताओं का चयन करते हैं। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा

**● भाजपा के लिये पार्टी से बड़ा देश है**

के लिए पार्टी से बड़ा देश है,जबकि अन्य दलों के लिए देश से बड़ी पार्टी और पार्टी से बड़ा पेट है। कार्यक्रम के दौरान वे प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी गयादेई के घर भी पहुंचे। वहां मौजूद अन्य लाभार्थी महिलाओं का माला पहनाकर स्वागत किया। प्रधानमंत्री आवास की लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उन्होंने महिलाओं को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने उन्हें बधाई देने के लिए भेजा है। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि आजादी से लेकर अब तक कोई जिले के पवित्र मां कामाख्या धाम स्थान की ओर ध्यान नहीं दिया था लेकिन हमारी भाजपा की सरकार इस ओर ध्यान दिया और कामाख्या धाम का विकास करने के लिए उसे नगर पंचायत का दर्जा भी दिया आज हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारे



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ऐसे उपमुख्यमंत्री हैं जो 24 घंटे में 18 घंटे जनता की सेवा करते हैं ऐसे बहुत कम लोग मिलते हैं। उन्होंने कहा कि आज कामाख्या धाम में एक से बढ़कर एक जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। नगर पंचायत कामाख्या धाम के वार्ड 13 रामपुर गुदारा में 4 करोड़17लाख 89हजार की लागत से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निर्माण हो रहा है, जिस दिन ये विद्यालय तैयार हो जाएगा। इसी विद्यालय से डॉक्टर इंजीनियर मास्टर और राजनेता निकलेंगे जो देश के विकास में एक कड़ी का हिस्सा होंगे। स्वच्छता अभियान अंतर्गत उमापुर स्थित मां गुरुदेवी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के संस्थापक ब्रह्मलीन श्रद्धेय प्रेमानंद पारसमणि ब्रह्मचारी जी महाराज के स्मारक परिसर की कार्यकर्ताओं के साथ सफाई करते हुए डिप्टी सीएम बृजेश पाठक। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने अयोध्या के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुनवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंभीर लापरवाही सामने आई।

30 बेड के इस सरकारी अस्पताल में मात्र 4 बेड मौजूद मिले। इस दौरान अयोध्या के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार भी मौके पर नहीं थे। अस्पताल की खस्ता हालत देखकर डिप्टी सीएम काफी नाराज हुए। स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं की कमी को लेकर डिप्टी सीएम ने गंभीर नाराजगी जताई। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की संभावना है। डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## देश-विदेश डायरी

### यूनुस का खौफनाक खेल बेनकाब! पाक-चीन के साथ रची बांग्लादेशी सेना प्रमुख को मारने की साजिश



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में सेना और सत्ता के बीच तनाव विस्फोट के कगार पर है। शेख हसीना के सत्ता छोड़ने के बाद वकार उज जमां की मदद से मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार की कमान तो संभाली थी, लेकिन अब दोनों आमने-सामने हैं। जाने-माने बांग्लादेशी पत्रकार सलाउद्दीन शोएब चौधरी ने दावा किया है कि यूनुस ने पाकिस्तान-चीन के साथ मिलकर आर्मी चीफको रास्ते से हटाने की खतरनाक साजिश रच डाली है जिसमें उन्हें गिरफ्तार कर फांसी तक देने का प्लान बनाया गया है। चौधरी के मुताबिक, यूनुस पाकिस्तान और चीन के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने लालमोनिरहाट में चीन को एयरबेस बनाने की खुली दावत दी है। यूनुस इससे पहले ढाका ऑर्डिनेंस फैक्ट्री पाकिस्तान को सौंपने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन जनरल वकार उज जमां ने बीच में हस्तक्षेप कर सौदा रुकवा दिया। तभी से दोनों के बीच तलवारें खिंच गईं। यूनुस ने वकार जमां के करीबी अधिकारियों को जबरन घर में नजरबंद करवा दिया है। कई पर मुकदमे भी चल रहे हैं। इसके साथ ही खलीलुर्रहमान को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बना कर यूनुस ने सेना को खुली चुनौती दी है। चौधरी का कहना है कि यूनुस बांग्लादेशी जनता की भावनाओं के खिलाफपाकिस्तान और चीन का एजेंडा थोपने की कोशिश कर रहे हैं। बांग्लादेश में पाकिस्तान अब भी एक नफरत का प्रतीक है। अगर यूनुस सेना और जनता के खिलाफसाजिशें करते रहे, तो देश में बड़ा बवाल होना तय है। चौधरी ने आगाह किया कि यूनुस बाहरी ताकतों के सहारे सत्ता में बने रहना चाहते हैं, लेकिन उनकी हालत नाजुक है। शेख हसीना समर्थक फिर से सक्रिय हो रहे हैं और जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### डीआरसी में यौन हिंसा के करीब 10,000 मामलों में 35 से 45 प्रतिशत बच्चे पीड़ित : यूनिसेफ

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने बेहद संवेदनशील आंकड़ा जारी किया है। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी के मुताबिक ईस्टर्न डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफकांगो (डीआरसी) में जारी संघर्ष ने बच्चों को काफी नुकसान पहुंचाया है। जनवरी और फरवरी महीने में ही हर 30 मिनट में एक बच्चे का रेप हुआ। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, यूनिसेफने बताया कि जनवरी और फरवरी में दुष्कर्म और यौन हिंसा के करीब 10,000 मामलों में से 35 से 45 प्रतिशत पीड़ित बच्चे थे। यूनिसेफके प्रवक्ता जेम्स एल्डर ने जिनेवा में बताया कि इस साल जब कांगो (डीआरसी) के पूर्वी हिस्से में लड़ाई सबसे ज्यादा तेज थी, तब हर आधे घंटे में एक बच्चे का रेप हुआ। एल्डर ने कहा कि यह इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि एक गंभीर और लगातार चल रही समस्या है। हम छोटे-छोटे बच्चों को भी इसका शिकार बनते देख रहे हैं। यह हिंसा युद्ध का एक तरीका बन गई है, जिसे डर फैलाने के लिए जानबूझकर इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे परिवार और पूरे समुदाय बुरी तरह टूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े शायद पूरी सच्चाई नहीं दिखाते, क्योंकि बहुत से मामले डर, बदनामी और असुरक्षा की वजह से सामने नहीं आते। एल्डर ने दुनिया से अपील की कि यौन हिंसा को रोकने के लिए मिलकर और तुरंत कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे उपाय करने चाहिए, जिससे इस तरह की घटनाएं रोकी जा सकें और पीड़ितों को पूरी मदद मिल सके। पीड़ितों को बिना डरे अपनी बात कहने के लिए सुरक्षित और आसान रास्ते मिलने चाहिए। उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि दुनिया उनके साथ है, न कि उन्हें अकेला छोड़ रही है और जो लोग ऐसे अपराध करते हैं, उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

### भूकंप के तेज झटकों से कांप उठा पाकिस्तान

**रावलपिंडी, एजेंसी।** पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गयी। भूकंप के कारण किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र (एनएसएमसी) के अनुसार, अपराह्न करीब 12: 31 बजे देश में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में जमीन के 12 किलोमीटर नीचे स्थित था। भूकंप पंजाब के अटक, चकवाल और मियांवाली जिलों तथा आस-पास के इलाकों में महसूस किया गया। भूकंप के झटके पेशावर, मर्दन, मोहमंद और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के शबकदर में भी महसूस किए गए। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। सबसे घातक भूकंप 2005 में आया था, जिसमें 74,000 से अधिक लोग मारे गए थे।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पहुंचीं कोतवालेश्वर मंदिर, की पूजा, अर्चना



**लखनऊ, चसं।** राजधानी लखनऊ के ऐतिहासिक चौक क्षेत्र में शनिवार को एक विशेष दृश्य नजर आया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यहां स्थित प्राचीन कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर में स्थापित प्रचंड शिवलिंग के साथ-साथ उस चांदी के शिव स्वरूप की भी पूजा की, जिसे श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नगर भ्रमण के लिए निकाला जाता है। इस दौरान उन्होंने हनुमान जी के चरणों में शीश नवाकर प्रदेशवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने राज्यपाल को मंदिर के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मंदिर में दो शिवलिंग हैं, जिनमें से एक की स्थापना वर्ष 1905 में हुई थी। खास बात यह है कि यहां की पूजा-पद्धति उज्जैन के महाकाल मंदिर की दिनचर्या के अनुरूप होती है, जिससे इसकी आध्यात्मिक गरिमा और भी बढ़ जाती है। मंदिर परिसर में स्थित ढाई सौ साल पुराना पीपल का वृक्ष भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।मंदिर दर्शन के बाद राज्यपाल पहुंचीं लखनऊ की ऐतिहासिक चौक कोतवाली। यहां उन्होंने महिला रजिस्टर, जीडी रजिस्टर और कोतवाली भवन की संरचना से जुड़े दस्तावेजों का निरीक्षण किया। करीब 20 मिनट तक वे वहां मौजूद रहीं और पुलिस कर्मियों से व्यवस्थाओं, तकनीकी संसाधनों और कार्यप्रणाली को लेकर विस्तार से बातचीत की। राज्यपाल की नजर वहां खड़े कुछ पुलिसकर्मियों पर पड़ी जिनके चेहरे पर तनाव साफनजर आ रहा था। उन्होंने उन्हें पास बुलाया और पूछा कि ड्यूटी में क्या दिक्कतें आती हैं, कौन-कौन सी सुविधाएं मिल रही हैं, और किस तरह की तकनीक उनके काम में मदद कर रही है। इस दौरान राज्यपाल का संवेदनशील और मानवीय पक्ष सामने आया, जिसने वहां मौजूद पुलिस बल को भावुक कर दिया।

## नेशनल कॉलेज के स्थापना दिवस पर बिहार के राज्यपाल ने 89 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ के नेशनल पीजी कॉलेज ने अपने 50वें स्थापना दिवस और स्वर्ण जयंती वर्ष को भव्यता के साथ मनाया। इस मौके पर आयोजित 'मेधा सम्मान समारोह' में कॉलेज के 89 होनहार छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार के राज्यपाल महामहिम आरिफमोहम्मद खान रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्रबंधक और सांसद उज्ज्वल रमन सिंह के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कॉलेज के संस्थापक चंद्र भानु गुप्ता को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थापक के सपनों ने इस कॉलेज को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अशोक बाजपेयी ने राज्यपाल की राजनीति और शिक्षा क्षेत्र में योगदान की सराहना की। वहीं, मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के महामंत्री राजेश सिंह ने राज्यपाल के साथ अपने अनुभव साझा किए, जिससे माहौल भावनात्मक और प्रेरणादायक बना। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 89 छात्रों को 5000 रुपए की चेक राशि, गोल्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कारों की कुल राशि लगभग 4,56,000 रुपए रही। टैलेंट प्रोग्राम के विजेताओं को भी 5000 की राशि दी गई, जिसमें फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड और कंसोलेशन प्राइज शामिल रहे।

## ऊर्जा मंत्री पहुंचे मऊ, हनुमान मंदिर प्रांगण और विद्यालयों में लगाई झाड़ू

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा आज सुबह मऊ जिले के बड़ागांव स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण की एवं वहां पर स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर की सफाई मित्रों, शुभचिंतकों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की। मंदिर परिसर में स्थित हनुमानजी की पूजा अर्चना कर सभी के कल्याण की कामना किया।

उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को हनुमान जयंती के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। नगर विकास मंत्री बीजेपी के स्थापना दिवस पर गांव चलो अभियान के तहत मऊ जिले के खुरहट मंडल स्थित बड़ागांव में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग पर कार्यक्रम को संबोधित किया और भाजपा सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याण हेतु चलाई जा रही योजनाओं के बारे में उपस्थित लोगों को बताया और इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनकल्याण के लिए पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य कर रही है। बीजेपी सरकार की कार्यशैली पारदर्शी, जनकल्याणकारी है। मोदी और योगी के नेतृत्व में भारत विकसित देश बनने की मुहिम में आगे बढ़ रहा है। भाजपा गांव देहात में रहने वाले वालों लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेता गांव गांव जाकर लोगों से मिल रहें और उनको जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिला रहे और समस्याओं का समाधान भी करा रहे हैं। गरीब व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, शौचालय, राशन कार्ड, राशन, रसोई गैस आदि की सुविधाएं दिलाई जा रही है। इसके साथ ही विधवा व विकलांग पेंशन का लाभ भी दिलाया जा रहा और सभी के राशन कार्ड की समस्या का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां



**● बीजेपी सरकार में सभी गरीबों को मिलेगा पक्का मकान, शिक्षा से वंचित न रहे गरीब बस्तियों के कोई भी बच्चा : एके शर्मा**

पर 300 पीएम आवास के लाभार्थियों की सूची रखी हुई है, जिन्हें अभी तक पक्का मकान नहीं मिला उन सभी लोगों को पक्का मकान मिलेगा। अंग्रेजी शासन के बाद आजादी के 75 सालों तक गरीबों की सुध लेने वाला कोई नहीं था लेकिन बीजेपी सरकार में एक भी गरीब बिना पक्का मकान के नहीं रहेगा। सभी को पक्का मकान मिलेगा, शौचालय की सुविधा मिलेगी।

सिर्फ आप सभी लोग बीजेपी सरकार पर भरोसा बनाए रखें और बीजेपी को और मजबूत करने के लिए दृढ़ता के साथ भाजपा के साथ खड़े रहे। श्री शर्मा ने मऊ के बड़ागांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भी बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस स्कूल में आकर मुझे अपना बचपन याद आ गया। यहां के गणित के अध्यापक की ख्याति उस समय दूर-दूर तक फैली थी, बचपन में शाम को उनके पास पढ़ने आते थे। उन्होंने विद्यालय और शिक्षकों को नमन करते हुए कहा कि सभी बच्चे पूरे मेहनत के साथ पढ़ाई करें। मां-बाप का भी कर्तव्य है कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें। पढ़ाई ही ऐसा कार्य है, जिसमें सफलता प्राप्त कर जीवन को संवारा जा सकता है। बच्चियों की पढ़ाई में और भी ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि वह दो परिवारों को संवारती है। उन्होंने सभी बच्चों को वार्षिकोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि यहां के आसपास के क्षेत्र में कई गरीब लोगों की बस्तियां हैं। इन बस्तियों का कोई भी गरीब बच्चा बिना शिक्षा के नहीं रहना चाहिए। सभी लोग इसका पूरा ध्यान रखेंगे। बस्ती के सभी गरीब बच्चों को स्कूल में प्रवेश जरूर कराएं।

**सम्भव : 810 शिकायतों की हुई सुनवाई :** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मऊ के आजमगढ़ मार्ग पर बड़ागांव स्थित मंगलमष् बहुउद्देशीय भवन में दो दिवसीय सम्भव जनसुनवाई एवं जनकल्याण कार्यक्रम का आयोजन 11-12 अप्रैल को किया गया। कार्यक्रम मंत्री की अध्यक्षता में नगर विकास, ऊर्जा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा जनशिकायतों के निस्तारण और गरीब कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विगत दो दिनों में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा काउंटर लगाकर सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने का कार्य किया गया। तकनीक आधारित सम्भव की इस जनसंपर्क प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मऊवासियों की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के प्रथम दिन 11 अप्रैल को शिकायतों का पंजीकरण किया गया।

## पर्यटन विकास की 12 परियोजनाओं के लिए 14.19 करोड़ मंजूर

**लखनऊ, चसं।** मैनपुरी के पर्यटन विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14 करोड़ 19 लाख 11 हजार रूपये की 12परियोजनायें स्वीकृत की गयी हैं। औपचारिकतायें पूरा कराते हुए यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि को कार्यदायी संस्था के रूप में नामित किया गया है। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया है कि परियोजनायें निर्धारित समय के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरी कराई जाए। अधोमानक अथवा घटिया सामग्री का प्रयोग पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 14.19 करोड़ की धनराशि में से मैनपुरी के विभिन्न पर्यटन स्थलों, मंदिरों का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य कराया जाना है। मैनपुरी स्थित घंटाघर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास ग्राम अलुपुरा स्थल श्री 108 मिट्ठू बाबा सत्यबली आश्रम का सौन्दर्यीकरण ग्राम, औरंग स्थित भगवान भोलेनाथ विश्वनाथधाम मंदिर एवं माता मंदिर का पर्यटन विकास किया जायेगा। विकासखण्ड करहल की ग्राम पंचायत करहल स्थित सहन ग्राम में साइनेज की स्थापना, पर्यटन विकास, गेट एवं पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण, ग्राम अड्डूपुर स्थित तुलसीदास मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं विकास, फकीरपुर में ठाकुरदास जी महराज मंदिर का सौन्दर्यीकरण, ग्राम नौरंगपुर स्थित सत्यकैलाश आश्रम का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास, तहसील किसनी में सारस पक्षियों के विचरण स्थल हेतु साइनेज का कार्य तथा मिढ़ावली में माता मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कराया जायेगा।

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे बाराबंकी, मत्थेस्वर में टेका माथा

चर्चित राजनीति। संवाददाता


**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मोदी-योगी सरकार का लेखा-जोखा लेकर शनिवार को बाराबंकी जिले के खसपरिया गांव पहुंचे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजनीति के मायने बदल दिए हैं।

राष्ट्र सर्वोपरि का भाव लिए भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है। श्री चौधरी ने गांव में स्थित मत्थेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करके आशीर्वाद लिया। स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए। बूथ संख्या 212 एवं 213 की कमेटी के साथ विभिन्न अभियानों पर चर्चा की। योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। मंदिर परिसर में आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामीणों से संवाद किया।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह



चौधरी ने कहा कि मोदी-योगी सरकारों ने भारतीय संस्कृति एवं विरासत का गौरव बढ़ाया है। अब कांवड़ यात्रा पर पुष्प वर्षा होती है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, विंध्याचल कॉरिडोर के निर्माण को सनातन संस्कृति के पुनरोत्थान का अहम पड़ाव बताया। उन्होंने महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन को देश के करोड़ों सनातनियों के एकता का महाकुंभ कहा। उन्होंने विरोधी पार्टियों पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि वामपंथ एवं कांग्रेस सहित विपक्षी पार्टियों के मूल में विदेशी विचारधारा है। विपक्षी दल हमेशा दंगाइयों, आतंकवादियों के साथ खड़ी दिखते है। उन्होंने आतंकियों एवं दंगाइयों के केस वापस लेने के लिए सपा और कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया। मोदी-योगी सरकार में आतंकियों, दंगाइयों एवं माफियाओं के हौसले पस्त हैं।श्री चौधरी ने सपा के पीडीए को छलावा कहते हुए सपा को परिवारवादी पार्टी कहा। भाजपा सामाजिक समरसता और सद्भाव की हिमायती है। सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर काम करते हुए सरकार ने बिजली, सड़क, सुरक्षा सहित सभी क्षेत्रों में अभूतपूर्व काम किया है, जिसके चलते 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला जा सका है।

## नेशन फर्स्ट को लेकर काम करती भाजपा : धर्मपाल



**लखनऊ, चर्चित ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा स्थापना दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रमों की श्रंखला में गांव-वार्ड चलो अभियान के तहत सुलतानपुर जिले की इसौली विधानसभा के बूथ संख्या 182 दाउदपुर में बूथ समिति, मंडल अध्यक्षों, पूर्व जिलाध्यक्षों, पूर्व जिला पदाधिकारियों व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक को संबोधित किया। धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को बूथ मैनेजमेंट का मंत्र दिया। उन्होंने कहा हर बूथ व हर मण्डल को फुल प्रूव मजबूत बनाना होगा। उन्होंने बूथ जीतो चुनाव जीतो का मंत्र दिया। लोकतंत्र सेनानियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। दाउदपुर स्थित काली माता के मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया। मनियारपुर में अनुसूचित बस्ती में जाकर संपर्क किया। दाउदपुर में कार्यकर्ताओं के साथ शोभा यात्रा भी निकाली और चौपाल में लोगों को सरकार की उपलब्धियां बताई।प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा भाजपा नेशन फर्स्ट को लेकर काम करती है। आज देश व प्रदेश में विकास की गति तेज है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। हमको विपक्ष के हर षडयंत्र को चकनाचूर करना होगा। भाजपा वादों को पूरा करने वाला राजनीतिक दल है। उन्होंने कहा आज सरकार की योजना का लाभ बिना भेदभाव गरीबों तक पहुंचा है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद तक पहुंच सकता है। भाजपा के परिश्रमी कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना। भाजपा का कार्यकर्ता अनवरत जनता से संपर्क व संवाद के माध्यम से जुड़ा रहता है और यही विशेषता पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करती है। हमें एक-एक घर और एक-एक व्यक्ति तक संपर्क करते हुए मोदी-योगी सरकार की योजनाएं भी पहुंचाना है तथा सभी को विचारधारा से जोड़ते हुए पार्टी से जोड़ने का काम भी करना है।

